
दैनिक
त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे
आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924
# क्षितिज किरण
प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना
जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र
प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-15, अंक -53 जबलपुर, शुक्रवार 27 मार्च 2026 कीमत-1 रूपया पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव

# सीएम के कार्यक्रम से लौट रही बस पलटी, 10 मौतें

## छिंदवाड़ा में 30 से ज्यादा घायल; महिला और बच्चे का हाथ कटकर अलग




छिंदवाड़ा-(आरएनएस)। नागपुर रोड मार्ग पर सिमरिया हनुमान मंदिर के पास गुरुवार शाम करीब 7 बजे एक बस और लहसून से भरी पिकअप वाहन की आमने-सामने से भीषण टक्कर हो गई। इस भीषण हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई। वहीं 41 लोग घायल हो गए। इस घटना के बाद दोनों ओर करीब पांच किमी तक लंबा जाम लग गया। यह भी पढ़े -कोलकाता आरजी कर लिफ्ट हादसा सात दिन पहले ही आई थी खराबी, जांच में बड़ा खुलासा मिली जानकारी के अनुसार बस जिला मुख्यालय स्थित पुलिस ग्राउंड में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के बाद ग्रामीणों को लेकर बस क्रमांक एमपी 28 पी 0321 उमरानाला लौट रही थी। सिमरिया हनुमान मंदिर से करीब 150 मीटर की दूरी पर गिट्टी के क्रेशर के पास बिछुआ से लहसुन लेकर आ रहे पिकअप से बस की आमने-सामने से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस बीच सडक़ पर पलट गई। आटो भी क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं बस के पलटते ही यात्रियों में चीख पुकार मच गई। इस भीषण दुर्घटना में 6 पुरुष, 3 महिलाएं और एक बच्चा सहित 10 लोगों की मौत हो गई। वहीं 41 लोगों को मौके पर पहुंची 20 एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया। घायलों में ज्यादातर लोग मोहखेड़ विकासखंड के भंडारकुंड, करेर, कुसुमढाना, ग्वारा सहित आसपास गांवों के रहवासी है। एमपी के छिंदवाड़ा जिले में एक बड़ा हो गया. जिसमें 10 लोगों की मौत की पुष्टि हुई हैं, जबकि 30 से ज्यादा घायल है. हादसे में एक यात्री का हाथ कटकर अलग हो गया. हादसा उमरानाला के पास गुरुवार 26 मार्च की शाम करीब 6 बजे हुआ. बस में सवार 41 लोग सवार थे. सभी सौंसर में आयोजित सम्मेलन से लौट रहे थे. इसमें सीएम मोहन यादव भी पहुंचे थे. यह यह बस छिंदवाड़ा से उमरानाला की ओर जा रही थी. घटना स्थल पर डॉक्टरों की टीम और पुलिस मदद के लिए पहुंची है. राहत और बचाव कार्य जारी है.

**ग्रीन कॉरिडोर से घायलों को अस्पताल पहुंचाया**

हादसा इतना जबरदस्त था कि कई लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. जबकि घायलों को बचाने के लिए तत्काल एम्बुलेंस बुलवाई गई, जिससे इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया. मरीजों को पहुंचाने के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया, ताकि हादसा स्थल से अस्पताल तक आने-जाने में कोई परेशानी न हो.


छिंदवाड़ा जिले के मोहखेड़ थाना क्षेत्र के सेमरिया हनुमान मंदिर के पास उमरानाला इलाके में गुरुवार शाम करीब 6:30 बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। 'हितग्राही सम्मेलन' से लौट रहे लोगों से भरी बस और पिकअप के बीच जोरदार टक्कर में 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 30 लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

**बस में 41 यात्री सवार, कई फंसे**

पुलिस के अनुसार बस उमरानाला की ओर जा रही थी, जिसमें करीब 41 लोग सवार थे। टक्कर के बाद बस के अंदर कई यात्री फंस गए। मृतकों में छह पुरुष, तीन महिलाएं और एक बच्चा शामिल है। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि एक यात्री का हाथ कटकर अलग हो गया।

**जबलपुर में भयावह हादसा टला**

## NICU में वहां लगी आग जहां 27 नवजात थे, ताबड़तोड़ शिफ्ट किया, सभी सुरक्षित



जबलपुर। (नगर प्रतिनिधि) नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल के शिशु ब्रेस्ट फीडिंग वार्ड में गुरुवार को शार्टसर्किट की वजह से आग से थोड़ी देर के लिए हडकंप मच गया। हालांकि आग पर फायर सिस्टम की मदद से तुरंत ही काबू पा लिया गया, जिसकी वजह से घटना भयावह रूप लेने से बच गई। आग बड़ी नहीं होने के कारण इस पर तुरंत ही काबू पा लिया गया और जल्द ही वार्ड की लाइट बहाल कर दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार

माना जा रहा है कि आग शार्टसर्किट की वजह से लगी। आग लगने के ठीक बाद विद्युत लाइन बंद कर दी गई। इसकी वजह से तुरंत ही इस पर काबू पा लिया गया।

मेडिकल कॉलेज के पुराने ब्लाक में 8 नंबर कमरे में देर शाम करीब 7:40 बजे दीवार फैन से एकाएक आग के बाद धुआं उठने लगा। इस कमरे में माताएं अपने शिशु को ब्रेस्ट फीडिंग के लिए लेकर आती हैं। संयोगवश जिस वक्त पंखे में आग लगी वहां कोई मौजूद नहीं था।

# आंध्र प्रदेश-डंपर से टकराकर बस में आग, 13 जिंदा जले- 22 घायल; 3 घंटे में आग पर काबू पाया गया





नई दिल्ली. (आरएनएस)। आंध्र प्रदेश के मरकापुरम जिले में रायवरम के पास गुरुवार को एक सड़क हादसा हुआ। एक प्राइवेट ट्रैवल बस और डंपर में टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही बस में आग लग गई। बस में सवार 13 यात्री जिंदा जल गए। हालांकि पहले पुलिस की तरफ से पहले 14 मौतों की जानकारी दी गई थी। बाद में सीएम ऑफिस ने मौत का आंकड़े में आफिशियल कंफर्मेशन दिया।

अधिकारियों ने बताया कि हरिकृष्णा ट्रैवल्स की बस तेलंगाना के निर्मल से नेल्लोर जा रही थी। हादसा सुबह 6:00 बजे के करीब हुआ। आग पर करीब तीन घंटे में काबू पाया गया।

मरकापुरम के स्क्वी हर्षवर्धन राजू ने कहा, डंपर ड्राइवर समेत 22 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस में 35 यात्री सवार थे। घटना की पूरी जानकारी जुटाने की कोशिश की जा रही है। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने लोगों की मौत पर दुख जताया।

कर्नाटक के चित्रदुर्ग में स्लीपर बस में टक्कर के बाद आग लग गई। हादसे में बस में सवार 6 से ज्यादा लोग जिंदा जल गए। मरने वालों में 4 महिलाएं, एक बच्चा और लॉरी का ड्राइवर भी शामिल था। रात 2.30 बजे तेज रफ्तार लॉरी डिवाइडर तोड़कर दूसरी तरफ से जा रही प्राइवेट कंपनी की सीबर्ड ट्रांसपोर्ट की बस से टकरा गई। बस में तुरंत आग लग गई। उस समय यात्री सो रहे थे। इस कारण उन्हें खुद को बचाने का मौका नहीं मिला।

आंध्र प्रदेश के मार्कपुरम जिले में गुरुवार तड़के एक बड़ा हादसा हो गया. जहां ट्रक से टकराने के बाद एक बस में भीषण आग लग गई. जिसमें 10 लोग जिंदा जल गए. पुलिस के मुताबिक, हादसा गुरुवार 26 मार्च की सुबह आंध्र प्रदेश के मार्कपुरम जिले में हुआ. ट्रक से टकराने के बाद बस में भीषण आग लग गई.

उसके ट्रक भी इसकी चपेट में आ गया और दोनों वाहन धू-धूकर जलने लगे. इस हादसे में कम से कम 10 यात्रियों की जलकर मौत हो गई. जबकि कई अन्य घायल भी हैं. पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला है कि यह हादसा रायवरम गांव के पास सुबह 6:00 से 6:30 बजे के बीच हुआ.

**निजी ट्रेवल एजेंसी की थी बस**

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी किए गए एक बयान में कहा गया है कि हरिकृष्णा ट्रेवल्स की निजी बस तेलंगाना के निर्मल से नेल्लोर जिले की ओर जा रही थी. इसी दौरान ये हादसा हो गया. मार्कपुरम के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि, सूचना मिलते ही वे टीम के साथ दुर्घटनास्थल पर पहुंच गए. शुरुआती जांच में पता चला है कि हादसा तब हुई जब बस खदान के पास मोड़ पर मुड़ रही थी, तभी तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रक ने उसे टक्कर मार दी. उन्होंने आगे कहा कि ट्रक की तेज रफ्तार हादसे की वजह हो सकती है. हालांकि जांच में ही इस बात का पता चलेगा कि हादसा कैसे हुआ.

**टक्कर के बाद लग गई बस में आग**

पुलिस अधिकारी ने बताया कि, ट्रक से टकराने के बाद बस में तुरंत आग लग गई. जिससे कई यात्री बस के अंदर फंस गए. आग इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गए. शुरुआती रिपोर्टों के मुताबिक, बस में सवार 10 यात्री जिंदा जल गए, जबकि कई लोग घायल भी हुए हैं. मरने वालों की संख्या और बढने की आशंका है, क्योंकि पुलिस और अग्निशमन विभाग की बचाव टीमें बस के अंदर फंसे यात्रियों को निकालने की कोशिश कर रही हैं.

**बस में सवार थे करीब 40 यात्री**

पुलिस अधिकारी ने बताया कि, घायलों को मार्कपुरम के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है. इनमें कुछ लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है. उन्होंने आगे बताया कि हादसे के वक्त बस में करीब 40 यात्री सवार थे. पुलिस अधिकारी ने बताया, टक्कर और उसके बाद लगी आग के चलते बस के पिछले हिस्से में बैठे लोग बच नहीं पाए, जिसके कारण इतनी बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई. आगे के हिस्से में बैठे करीब 10 यात्री बाल-बाल बच गए.

**11 लोगों ने तैरकर जान बचाई, नाव पर चढ़ाते समय हादसा**

## बांग्लादेश - बस नदी में गिरी, 23 की मौत



ढाका.(आरएनएस)। बांग्लादेश में एक यात्री बस पद्मा नदी में गिर गई. हादसे में अब तक 23 लोगों की मौत हो गई है. 11 यात्रियों ने तैरकर अपनी जान बचा ली. बस में करीब 40 लोग सवार थे. हादसा बुधवार शाम को हुआ. तब सिर्फ 2 लोगों की मौत की खबर आई थी. हादसा राजबाड़ी जिले में दाउलादिया टर्मिनल पर हुआ. बस फेरी (बड़ी नाव) पर चढ़ रही थी. इसी दौरान ड्राइवर का कंट्रोल छूट गया और बस सीधे नदी में जा गिरी. बांग्लादेश में बसों और गाडियों को नदी पार कराने के लिए फेरी का इस्तेमाल होता है. यह एक बड़ी नाव या जहाज जैसा होता है. प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने रेस्क्यू ऑपरेशन की जानकारी ली और जांच के आदेश दिए. रेस्क्यू टीम ने हमजा नाम के जहाज की मदद से करीब 6 घंटे की मशक्कत के बाद आधी रात को बस को बाहर निकाला. इसमें 21 शव मिले, जबकि गोताखोरों ने पहले ही दो महिलाओं के शव बरामद कर लिए थे. फायर सर्विस और कोस्टगार्ड के गोताखोर सेना और पुलिस की मदद से लापता लोगों की तलाश में जुटे हैं. अधिकारियों ने बताया कि बस ढाका जा रही थी. इसमें सवार कई यात्री ईद की छुट्टियां खत्म कर राजधानी लौट रहे थे, जिनमें बच्चे भी शामिल थे. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस में सवार कई लोग एक ही परिवार के थे.

## हेड पोस्ट ऑफिस-पासपोर्ट ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी, मचा हड़कम्प, पहुंचा बम स्क्वाड




जबलपुर.(आरएनएस)। सिविल लाइन स्थित हेड पोस्ट ऑफिस व पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल आने से आज दोपहर हड़कम्प मच गया. धमकी के बाद पूरे परिसर को अलर्ट पर रख दिया गया. यहां तक कि खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी व बम स्क्वाड मौके पर पहुंच गए थे.

बताया गया है कि आज दोपहर 12.15 बजे के लगभग पोस्ट ऑफिस अधीक्षक को एक ईमेल मिला, जिसमें कुछ ही देर में आफिस को बम से उड़ाने की धमकी मिली. इस धमकी भरे मैसेज के आने की खबर जैसे ही कर्मचारियों को लगी तो हड़कम्प मच गया. यहां तक कि कई कर्मचारी काम छोड़कर बाहर आ गए. अधिकारियों ने मेल आने की खबर तत्काल पुलिस अधिकारियों व कंट्रोल रुम को दी. इसके बाद बम स्क्वाड व अधिकारी मौके पर पहुंच गए, जिन्होने हेड पोस्ट ऑफिस के सभी विभागोंए पार्सल सेक्शन और पासपोर्ट कार्यालय में करीब एक घंटे तक गहन तलाशी अभियान चलाया.

हालांकि जांच के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली. जिसके बाद धमकी को फर्जी माना गया. खबर है कि धमकी भरे मेल में मध्य प्रदेश के अन्य जोन के पासपोर्ट कार्यालयों को भी निशाना बनाने की बात कही गई थी, जिससे सुरक्षा एजेंसियां और अधिक सतर्क हो गई हैं. एक घंटे की जांच के बाद जब कोई भी विस्फोटक नहीं मिला तो कर्मचारियों से लेकर अधिकारियों ने राहत की सांस ली.

## रामनवमी पर पीएम मोदी का राष्ट्र के नाम संदेश, प्रभु राम के आशीर्वाद से पूरा होगा विकसित भारत का संकल्प



नई दिल्ली-(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राम नवमी के अवसर पर नागरिकों को शुभकामनाएं दीं और सभी के कल्याण की कामना करते हुए आशा व्यक्त की कि भगवान राम का आशीर्वाद देश को विक्षित और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की ओर मार्गदर्शन करेगा। राम नवमी भगवान राम के जन्म का प्रतीक है, जिन्हें हिंदू धर्म में भगवान विष्णु के सातवें अवतार के रूप में पूजा जाता है। यह त्योहार नौ दिवसीय चैत्र नवरात्रि के दौरान पड़ता है और सत्य, करुणा और धर्म जैसे मूल्यों पर चिंतन करने का समय है। एक संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश भर में मेरे देशवासियों को राम नवमी के अवसर पर असीम शुभकामनाएं। मर्यादा पुरुषोत्तम के त्याग, तपस्या और संयम से भरे जीवन से हमें प्रेरणा मिलती है कि हम हर परिस्थिति का पूरी शक्ति से सामना करें।

## मामूली विवाद में सरपंच और बेटे ने घर में घुसकर परिवार पर किया जानलेवा हमला, 4 लोग गंभीर रूप से घायल; लाखों की लूट का आरोप

जबलपुर। जिले के बेलखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुबराकला में मामूली विवाद के बाद सरपंच और उसके साथियों ने एक परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। इस वारदात में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें दो की हालत नाजुक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह युवक अनुभव भूमिया की बाइक का सरपंच इंद्र कुमार चौधरी के बेटे ऋषिकांत चौधरी की स्कॉर्पियो से मामूली टकराव हो गया था। मौके पर विवाद शांत हो गया, लेकिन शाम होते-होते यह झगड़ा हिंसक रूप ले बैठा। शाम करीब 4 बजे सरपंच इंद्र कुमार चौधरी, उसका बेटा ऋषिकांत और 10-12 साथी हथियारों से लैस होकर अनुभव के घर पहुंच गए। आरोपियों ने तलवार, फरसा और लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला किया। युवक का हाथ तोड़ दिया गया, पिता और चाचा पर कुल्हाड़ी व तलवार से वार किया और घर की महिलाओं के साथ अभद्रता की। घायलों में रामनरेश (46), रामनारायण (37), मानूबाई (62) और अनुभव शामिल हैं। पीड़ित परिवार का आरोप है कि हमलावरों ने घर में रखे 10 से 12 लाख रुपये नकद और महिलाओं के मंगलसूत्र भी लूट लिए। घटना के दौरान सरपंच द्वारा फायरिंग की कोशिश की गई, लेकिन अनुभव की मां अभिलाषा ने साहस दिखाते हुए पिस्टल छीन ली। पुलिस ने मौके से हथियार जब्त कर लिया है।

**आरोपी फरार, पुलिस पर उठे सवाल**

घटना के बाद सभी आरोपी फरार हो गए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश जारी है। एसडीओपी लोकेश डाबर के अनुसार, घायलों के बयान के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले को लेकर पूर्व विधायक संजय यादव ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

## 1 अप्रैल से महंगी होंगी दर्द से बुखार तक की सभी दवाएं

नई दिल्ली.(आरएनएस)। आम लोगों को 1 अप्रैल 2026 से दवाओं की कीमतों में हल्की बढ़ोतरी का सामना करना पड़ेगा. सरकार ने आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची (एनएलईएम) में शामिल दवाओं के दामों में करीब 0.6 प्रतिशत तक वृद्धि की अनुमति दी है. यह बढ़ोतरी 1,000 से अधिक जरूरी दवाओं पर लागू होगी. राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) के अनुसार, यह फैसला थोक मूल्य सूचकांक (डबलूपीआई) के आधार पर लिया गया है. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2025 में डबलूपीआई में 2024 की तुलना में 0.64956 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जिसके आधार पर दाम समायोजित किए गए हैं.

गौरतलब है कि सूचीबद्ध (नियंत्रित) दवाओं की कीमतों में बदलाव की अनुमति साल में एक बार दी जाती है. आवश्यक दवाओं की इस सूची में पेरासिटामोल, एजिथ्रोमाइसिन जैसी एंटीबायोटिक्स, एनीमिया की दवाएं, विटामिन और मिनरल सप्लीमेंट्स शामिल हैं.





जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना भेडाघाट में हैल्थ सिटि मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल से सूचना मिली कि घायल राशिद शाह उम्र 18 वर्ष निवासी नरीला हटीला थाना मझोली का तेवर ब्रिज के पास भोपाल रोड में दिनॉक 21-3-26 के दोपहर लगभग 1-30 बजे सड़क दुर्घटना में घायल होकर उपचार हेतु भर्ती कराया गया था जिसकी आज सुबह 4-10 बजे मृत्यु हो गयी है। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच मे लिया गया।

# जबलपुर की यातायात व्यवस्था होगी सुगम, कलेक्टर, एसपी और निगमायुक्त ने किया सड़कों का सघन निरीक्षण

## छोटी लाइन फाटक से गौरीघाट तक हटेगा अतिक्रमण, सड़क सीमा का उल्लंघन करने वाले निर्माणों पर होगी सख्त कार्रवाई







जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शहर नागरिकों को यातायात के दबाव और जाम की समस्या से स्थायी राहत दिलाने के उद्देश्य से जिला, पुलिस एवं नगर निगम प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से सघन अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने प्रशासनिक अमले के साथ शहर के प्रमुख मार्गों का पैदल निरीक्षण किया और यातायात में बाधक बन रहे अवैध निर्माणों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए।



**अवैध निर्माणों पर चलेगा प्रशासन का बुल्डोजर**

प्रशासनिक अधिकारियों ने छोटी लाइन फाटक से गुरुद्वारा और गुरुद्वारे से गौरीघाट तक के व्यस्त मार्ग का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कई स्थानों पर भवन स्वामियों एवं व्यवसायियों द्वारा निर्धारित लाइन से आगे बढ़कर किए गए निर्माण के कारण सड़कें संकरी हो गई हैं। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनहित और शहर के विकास में बाधक बनने वाले किसी भी अवैध निर्माण को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने राजस्व एवं निगम के अमले को निर्देशित किया कि सड़क सीमा का उल्लंघन करने वाले निर्माणों को तत्काल चिन्हित कर उन्हें हटाने की कार्यवाही की जाए। इस अवसर पर गोरखपुर एस डी एम अनुराग सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना तिवारी, अतिक्रमण अधिकारी मनीष तड़से के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कविता
### मर्यादा का दीप जलाएं

राम का जन्मोत्सव आया,
मन में नव उजियारा लाया।
केवल मंदिर दीप न जलें,
हर दिल में भी प्रकाश फैलाया।
सत्य की राह कठिन सही,
पर चलना ही धर्म कहाया।
राम ने जो पथ दिखलाया,
उसे जीवन में अपनाया।
वन की पीड़ा, राजधर्म हो,
हर स्थिति में संतुलन पाया।
त्याग, तपस्या, प्रेम और नीति,
सबमें रामत्व झलकाया।
आज समय की पुकार यही है,
फिर से राम को जगाना होगा।
मन के रावण को हराकर,
अंदर का दीप जलाना होगा।
न्याय, दया, करुणा का संगम,
हर जीवन में लाना होगा।
रामनवमी के इस अवसर पर,
भारत को राम मय बनाना होगा।
आज से अभी से हर मन,
हर दिल में मर्यादा का दीप जलाना होगा।

रचनाकार
दीपक पचौरी दीप
7000602851
जबलपुर

## दिगंबर जैन सोशल ग्रुप जबलपुर नगर द्वारा भगवान महावीर जयंती के पावन प्रसंग पर आयोजित पंच दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिवस



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। सेठ गोविंद दास चिकित्सालय ( विक्टोरिया) में मरीजों को फल, मिष्ठान एवं उनके परिजनों को सुदामा थाली वितरित की गई। इस अवसर पर नगर ग्रुप के अध्यक्ष प्रफुल्ल रीता, सचिव सुरेंद्र प्रीति, कोषाध्यक्ष कमल सुनीता, मनोज CA, सुनील मामा, डॉक्टर कंचन लता, अजीत नायक, प्रदीप बेंटिया, नितिन, पंकज प्रतिभा, राविज, सनद, विर्वेक, डॉक्टर अनूप, सुबोध कामरेड आदि उपस्थित थे।



# सिद्धिदात्री माँ का पूजन एवं श्री राम जन्मोत्सव आज






जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। /सरस्वती कॉलोनी चेरीताल स्थित श्री दुर्गा -हनुमान मंदिर में पं.वासुदेव शास्त्री,पं.वीरेंद्र दुबे के सानिध्य में आदिशक्ति के आठवें स्वरूप महागौरी का पूजन अर्चन उपरांत हवन पूर्णाहुति प्रसाद वितरण संपन्न हुआ।आज नवम् स्वरूप सिद्धिदात्री माँ का प्रातः पूजनअर्चन एवं श्री राम जन्मोत्सव, मंगलआरती, प्रसाद वितरण पश्चात कन्या भोज आयोजित है। सर्व धर्मानुरागियों से संयोजन समिति के अध्यक्ष देवेंद्र नेमा, राजेश शर्मा, सुनील ताम्रकार, अरविन्द गुप्ता, विकास चौहान, नवीन नेमा, श्याम कोष्टा, आशीष नेमा, नितिन दुबे, संदीप नेमा, अरविंद तिवारी ,राजीव दुबे, कृष्ण कांत शुक्ला, अंकित बहरे,शिशिर बादल,राजेंद्र ब्यौहार,प्रशांत गुप्ता, अमित गुप्ता, नीरज शर्मा,कल्पना सुहाने,सुनीता बादल,शकुन ठाकुर, अनीता गुप्ता,प्रीति गुप्ता, पूजा शर्मा, संगीता ब्यौहार,रीता सरैया,श्रद्धा शर्मा किशोरी सोनी आदि ने उपस्थिति हेतु अनुरोध किया है।

# साईमय होगी संस्कारधानी साईनाथ महाराज की विशाल शोभायात्रा आज

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। श्री साई समर्थ प्रेरणा से संस्कारधानी शिर्डी साई शोभायात्रा समिति के सानिध्य में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी समिति 27 मार्च 2026 शुकवार को नगर निगम चौक से रामनवमी के अवसर पर सच्चिदानंद सदगुरू साईनाथ महाराज, की 28 वीं शोभायात्रा संम्पादित करने जा रही है। वर्ष 1997 से चंद साई भक्तों के प्रयास से प्रारंभ यह पौधा भी आज यह वटवृक्ष बन गया है, तो उसकी जड़ों को हर साई मक्त हर साई मंदिर हर साईं दरबार का मनसा वाचा कर्मणा से स्तुत्य योगदान है इस वर्ष 28 वीं साईशोभा यात्रा संध्या 07ः00 बजे नगर निगम चौक से बाबा की आरती से शुभारंभ होकर मालवीय चौक, लार्डगंज, बड़ा फुहारा, कमानिया, कोतवाली, मिलौनीगंज, छोटा फुहारा तक साईंबाबा की अलख जगाते हुये गुड़हाई पर साई आरती के साथ समापन होगा।



संस्कारधानी के नाम से विख्यात जबलपुर शहर धार्मिक कार्यक्रमों की भव्यता के लिए पहचाना जाता है। जब भी कोई धार्मिक आयोजन होते है. तो नगरवासी पूरी लगन एवं श्रद्धा के साथ बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते है जिसका ही परिणाम है कि आज संस्कारधानी की ख्याति एवं महत्ता संपूर्ण भारत में चर्चित है। अनवरत कई महिनों के कठिन परिश्रम एवं सेवाभाव से समर्पित साई सेवकों की लगन शीलता एवं कर्मठता से आज नगर धर्मधानी कहलाता है तथा महाकुंभ जैसे विशाल समुद्र को सुशोभित करने वाले मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम एवं श्री सदगुरू साईनाथ महाराज की चैत्रशुक्ल की रामनवमीं पर विशाल शोभायात्रा निकाली जायेगी।

शोभायात्रा के अध्यक्ष श्री चन्द्रशेखर दवे, शोभायात्रा संयोजक श्री दुर्गेश शाह (टिकल), श्री सुधीर बठीजा, संचालक, श्री मृगेन्द्र नारायण सिंह, एड. राजेश उपाध्याय श्री सुनील खम्परिया, मनोज काशिव, प्रदीप पटेल, गणेश ठाकुर, प्रबोध पाठक, डॉ सोनी, ललितदया रमानी, ए.के. शर्मा, अजय गुप्ता, अजय विश्वे रोशन मध्यानी, राकेश, ऋषभ जैन, राजीव दवे, वंदना दवे, पी.के. दीक्षित, डी.के. साहू, वीरेन्द्र साहू आदि ने जानकारी देते हुये बताया कि शोभायात्रा में अश्वारोही दल, वैन्ड धमाल, डिस्को लाईट. अतिश्याजी का रोचक दृष्य प्रस्तुत किया जायेगा। समिति द्वारा इस वर्ष शोभायात्रा में साईनाथ महाराज के साथ सर्वधर्म की लगभग 15 झांकिया सम्मिलित होगी। समिति के दिलीप कुरील, वेणुगोपाल राव, प्रवोध पाठक, आशीष विश्वकर्मा, जित्तू साहू, विज्जू, संन्जू, हेमन्त दवे, आदि ने जानकारी देते हुये बताया की साई भक्तों एवं विभिन्न व्यापारी संघ सांई सेवा समिति लार्डगज, गंजीपुरा व्यापारी संघ एवं अन्य संस्थायें मिलौनंगज गुडहाई पर विराम स्थल तक जगह-जगह पर स्वागत मंच लगाकर पूजन अर्चन, पुष्पवर्षा एवं प्रसाद वितरण करेंगी।

संस्कारधानी शिर्डी साई शोभायात्रा समिति ने समस्त नगर वासियों से साई शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने के अपील की है।

# बैसाखी पर्व के अवसर पर दिल्ली-अशोकनगर के बीच स्पेशल ट्रेन का संचालन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। यात्रियों की सुविधा एवं आगामी बैसाखी पर्व के दौरान तीर्थ यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए, रेलवे प्रशासन द्वारा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह ट्रेन दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन से अशोकनगर रेलवे स्टेशन के मध्य चलाई जाएगी।

ट्रेन संचालन विवरण इस प्रकार हैः

गाड़ी संख्या 04004 दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन से अशोकनगर रेलवे स्टेशन के लिए दिनांक 11.04.2026 (शनिवार) को दोपहर 12.15 बजे प्रस्थान करेगी।

गाड़ी संख्या 04003 अशोकनगर रेलवे स्टेशन से दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन के लिए दिनांक 15.04.2026 (बुधवार) को शाम 17.00 प्रस्थान करेगी।

कोच संरचनाः

इस स्पेशल ट्रेन में कुल 24 आईसीएफ कोच लगाए जाएंगे, जिनमें 01 थर्ड, 02 स्लीपर, 19 जनरल कोच एवं 02 एसएलआर कोच शामिल हैं।

ट्रेन के हॉल्ट (दोनों दिशाओं में)ः

यह स्पेशल ट्रेन मार्ग में फरीदाबाद रेलवे स्टेशन, पलवल रेलवे स्टेशन, कोसीकलां रेलवे स्टेशन, मथुरा जंक्शन, आगरा कैंट, धौलपुर रेलवे स्टेशन, ग्वालियर जंक्शन, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जंक्शन एवं बीना जंक्शन स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

समय सारणी (संक्षेप में)ः

दिल्ली सराय रोहिल्ला से प्रस्थानः 12ः15 बजे (11.04.2026)

अशोकनगर आगमनः 04ः00 बजे (12.04.2026)

अशोकनगर से प्रस्थानः 17ः00 बजे (15.04.2026)

दिल्ली सराय रोहिल्ला आगमनः 08ः45 बजे (16.04.2026)

रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि वे इस स्पेशल ट्रेन सेवा का अधिकतम लाभ उठाएं तथा अपनी यात्रा को सुविधाजनक एवं सुरक्षित बनाएं।

**विश्व शांति की मंगल कामना की- प्रसंग भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु**

# सुरमई प्रस्तुतियो से सजी गीत उत्सव की शाम



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। कुछ पाने के खातिर तेरे दर हम भी झोली फैलाए, रात माई सपने में आयीं, दर्शन दे गयी अरारारारा, तुम छम छम बरसो मां हमारे आंगन में,लहराती मां लाई ध्वजा तेरी लहराती, लाल लाल लाल मां का लाल चोला लाल जैसे देवी गीतों से सभी साहित्यकार भक्तों ने चैत्र नवरात्र पर्व पर मां की सुरमई आराधना की, अवसर था प्रसंग अंतरराष्ट्रीय मंच के 506 वें आयोजन का जिसमें नगर के साहित्यकार एवं गायकों ने वाद्ययंत्रों के साथ अपने भक्तिमय देवी गीत,भक्तें एवं सुरमई भजनों की प्रस्तुति दी, विश्व शांति की मंगल कामना के लिए गायकों में , एडवोकेट तृप्ति त्रिवेदी,, गायत्री चौबे, डॉ विनोद बाजपेई,प्रकाश सिंह ठाकुर, कुंजीलाल चक्रवर्ती निर्झर,प्रभा श्रीवास, तरुणा खरे, प्रीति नामदेव भूमिजा, नीति सिंह, इंदू सिंह कंचन,डॉ मनोरमा गुप्ता बांसुरी, डॉ गीता पांडे,आरती पटेल,डॉ.विनीता पाण्डेय विनीत ने शानदार देवी गीतों की प्रस्तुति दी, सभी मातृ-शक्तियों ने भक्तिमय नृत्य से मां की आराधना करते हुए विश्व शांति की मंगल कामना की ।आयोजन के अंत में सभी ने भोग प्रसाद ग्रहण किया,इस अवसर पर निर्मला तिवारी निर्मल, अर्चना मलैया, डॉ.विनीता पाण्डेय %विनीत%, अर्चना गोस्वामी,के के नायकर, बलराम वर्मा,कृष्णा राजपूत, मनोज शुक्ला मनोज,अभय तिवारी, विजय तिवारी किसलय,शिव कुमार सिंह ठाकुर, संदीप पचौरी, सुनीता दुबे, गीता गुप्ता, राजेन्द्र पांडे, एडवोकेट एस के पचौरी,अनन्या मिश्रा, रेखा खरे, श्याम प्रसाद गुप्ता,राकेश नामदेव की उपस्थिति रही, कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन प्रसंग के संस्थापक इंजीनियर विनोद %नयन% ने एवं आभार प्रदर्शन डॉ रानू रूही ने किया,डॉ.मकबूल अली कादरी का विशेष सहयोग रहा।

# युवा कुशवाहा समाज द्वारा मौर्य राजवंश के महान चक्रवर्ती सम्राट अशोक मौर्य की जयंती मनाई गई



दमोह -विश्वप्रसिद्ध शक्तिशाली एवं मौर्य राजवंश के महान चक्रवर्ती सम्राट अशोक मौर्य की जयंती युवा कुशवाहा समाज द्वारा पुरानी जिला पंचायत में अशोक स्तम्भ पर मनाई गईं सर्वप्रथम भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे और साहू समाज के प्रदेशकार्यकारी अध्यक्ष सत्येंद्र साहूएण्एवं कुशवाहा भाइयों ने एकसाथ सम्राट अशोक मौर्य के चित्र पर माल्यार्पण कियाण्उसके उपरांत श्याम शिवहरे जी ने सम्राट अशोक की जीवन गाथा सुनाते हुए कहा कि सम्राट अशोक ;शासनकाल लगभग 268.232 ईसा पूर्वद्ध मौर्य वंश के तीसरे और सबसे महान शासक थेए जिन्होंने अखंड भारत पर शासन किया। प्रारंभ में क्रूर ;श्चंडाशोकश्द्ध माने जाने वाले अशोक नेए 261 ईसा पूर्व के भयानक कलिंग युद्ध के नरसंहार से द्रवित होकर बौद्ध धर्म अपना लिया और अहिंसाए प्रेम व श्धम्मश् के मार्ग पर चल पड़े। सम्राट अशोक सेना के अध्यक्ष् ने कहा कि अशोक भारत के मौर्य वंश के अंतिम प्रमुख सम्राट थे। उन्होंने तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व में शासन किया। बौद्ध धर्म के प्रति उनके व्यापक संरक्षण ने पूरे भारत में इस धर्म के प्रसार को बढ़ावा दिया।युवा कुशवाहा समाज के गोपाल पटेल ने कहा कि अशोक के बारे में कहा जाता है कि उन्होंने अपने 40 साल के राज में क़रीब.क़रीब पूरे भारतीय उपमहाद्वीप को एक सरकार के अंतर्गत जोड़ दिया थाण्चाणक्य ;लगभग 371.283 ईसा पूर्वद्ध प्राचीन भारत के एक महान दार्शनिकए अर्थशास्त्रीए राजनीतिज्ञ और कूटनीतिज्ञ थेए जिन्हें कौटिल्य या विष्णुगुप्त के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने तक्षशिला विश्वविद्यालय में शिक्षा प्राप्त की और वहीं शिक्षक भी रहे। चाणक्य ने नंद वंश का नाश कर चंद्रगुप्त मौर्य के साथ मिलकर मौर्य साम्राज्य की स्थापना की और अखंड भारत का निर्माण किया।

कार्यक्रम में बसंत कुशवाहाए डालचंद कुशवाहाए गोपाल कुशवाहाए मडाहार सरपंच नारायण कुशवाहाएएड गजेंद्र कुशवाहाएगोपाल पटेल वाइंडिंगएए नारायण कुशवाहा सरपंचएएड राजेशएएड गजेंद्रएडालचंद सचिवएपुरुषोत्तम कुशवाहाएपप्पूएबसंत एगोपाल कुशवाहा युवा अध्यक्षएलीलाधरएखेमचंदएप्रतापए मोहन एद्वारकाएयोगेंद्र अशोक क्रांति सेना राष्ट्रीय अध्यक्षएबीडीसी कुंडलपुरएकुशवाहा समाज की उपस्थिति रहीण्गोपाल पटेल ने जानकारी दी कि 29मार्च को माड़ियादो में सम्राट अशोक जयंती भव्य रूप से मनाई जाएगी जिसमें सभी से उपस्थित होने की अपील कीण



भोपाल -ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि समाधान योजना में अब तक 25 लाख 75 हजार बिजली उपभोक्ताओं में सरचार्ज में छूट का लाभ लिया है। उन्होंने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के द्वितीय व अंतिम चरण को 31 मार्च 2026 तक बढ़ा दिया गया है। पूर्व में यह योजना 28 फरवरी तक लागू थी। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 3 नवम्बर को समाधान योजना 2025-26 की शुरुआत हुई थी। समाधान योजना में तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ताओं को एकमुश्त राशि जमा करने पर 90 प्रतिशत तक सरचार्ज में छूट का लाभ दिया जा रहा है।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा को दी 500 करोड़ रुपए से अधिक लागत के 105 विकास कार्यों की सौगात**

# किसानों सहित सभी वर्गों का कल्याण हमारा ध्येय -मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल -(आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के साथ मध्यप्रदेश भी आगे बढ़ रहा है। गरीब, किसान, महिला और युवा सहित सभी वर्गों का कल्याण राज्य सरकार का संकल्प है। हमारे लिए सीमा पर जवान और खेतों में किसान, दोनों बराबर हैं। प्रदेश के किसानों को सालभर में 12 हजार रुपए की सम्मान निधि और लाड़ली बहनों को हर महीने 1500 रुपए की सौगात मिल रही है। अन्नदाता की समृद्धि के लिए राज्य सरकार ने वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष घोषित किया है। किसानों की समृद्धि में ही प्रदेश की खुशहाली है। इसी ध्येय से किसानों को फसल उत्पादन के साथ-साथ पशुपालन, दूध उत्पादन, मत्स्य पालन, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण से आय दोगुनी करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। यह प्रदेश का स्वर्णिम काल है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश औद्योगीकरण और युवाओं को रोजगार से जोड़ने में सबसे आगे है। उन्होंने छिंदवाड़ा जिले को 500 करोड़ रुपए से अधिक लागत के 105 विकास कार्यों की सौगात दी। इसमें 133 करोड़ की लागत के तामिया-जुन्नारदेव मार्ग, नल जल योजना के कार्य, पुलिस आवास गृह, माध्यमिक विद्यालय भवन और छात्रावास सहित अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय के लिए नया भवन बनाए जाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंगल क्लिक से प्रदेश के 7008 श्रमिकों के खातों में संबल योजना की 157 करोड़ की राशि का अंतरण किया। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं में 55 लाख से अधिक हितग्राहियों को 463 करोड़ की राशि अंतरित की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र एवं हितलाभ भी वितरित किये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चैत्र नवरात्रि की महा अष्टमी के दिन छिंदवाड़ा में दीप प्रज्ज्वलित कर एवं कन्या पूजन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

प्रदेशवासियों को दी महाअष्टमी और श्रीराम नवमी की मंगलकामनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि छिंदवाड़ा को लगभग 500 करोड़ और पांढुर्णा को 350 करोड़ से अधिक की अनुपम सौगात मिली है। छिंदवाड़ा और पांढुर्णा के पास जामसांवली में श्री हनुमान लोक के लोकार्पण का सौभाग्य मिला। भगवान श्री हनुमान के बिना तो रामराज्य भी अधूरा सा लगता है। हमारा शासनकाल भगवान श्रीराम के राज्य जैसा होना चाहिए। राज्य सरकार अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण के बाद अब मध्यप्रदेश के पवित्र चित्रकूट धाम को तीर्थ के रूप में विकसित कर रही है। विरासत को विकास से जोड़ते हुए प्रदेश में श्रीराम गमन पथ का कार्य जारी है। उज्जैन में बाबा महाकाल, जामसांवली श्री हनुमान धाम, सतना की शारदा मैया जैसे अनेक प्रसिद्ध धर्म स्थलों में महत्वपूर्ण तीर्थ होने के नाते सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। सांसद श्री बंटी विवेक साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव एक कर्मयोगी की तरह प्रदेश को आगे बढ़ा रहे हैं। पांढुर्णा में आज श्री हनुमान लोक का लोकार्पण होने के साथ ही दूसरे चरण के कार्यों की भी घोषणा की गई है। छिंदवाड़ा के जनजातीय अंचलों के लिए 84 उप-स्वास्थ्य केंद्र की स्वीकृत किए गए हैं। प्रदेश में औद्योगिक विकास के साथ-साथ बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए विद्यालय और छात्रावास की भी सौगात मिली है। तामिया-जुन्नारदेव सड़क 2 जिलों को जोड़ रही है। छिंदवाड़ा में एयरपोर्ट के विकास से क्षेत्र की एक अलग पहचान बनेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों के कल्याण के लिए 2026 को कृषि वर्ष घोषित किया है। छिंदवाड़ा कॉर्न (मक्का) सिटी है। छिंदवाड़ा जिले में आज 350 करोड़ से अधिक लागत के सिर्फ लोकार्पण हुए हैं। कार्यक्रम में अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

**'एम.पी. के चीता बीज' को विश्व स्तरीय ब्रांड बनाने की होगी पहल-नई सीड प्रोसेसिंग यूनिट और किसानों के प्रशिक्षण पर दें विशेष ध्यान**

# बीज संघ हाइब्रिड बीजों का उत्पादन कर किसानों को बाजार से आधी कीमत पर उपलब्ध कराएगा -मंत्री सारंग



भोपाल -(आरएनएस) सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने राज्य सहकारी बीज एवं विपणन संघ मर्यादित, भोपाल (बीज संघ) के संचालक मंडल की बैठक में बीज उत्पादन बढ़ाने, गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा किसानों को किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि बीज संघ द्वारा मक्का, नॉन-जीएम कपास एवं सब्जियों के हाइब्रिड बीजों का उत्पादन एवं विपणन किया जाएगा। किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज बाजार मूल्य की तुलना में लगभग आधी कीमत पर उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि इससे किसानों की लागत कम होगी और उत्पादन बढ़ाने में सहायता मिलेगी।


मंत्री श्री सारंग ने बीज संघ के 'चीता बीज' को विश्व स्तरीय ब्रांड के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए बीजों की गुणवत्ता, पैकेजिंग एवं ब्रांडिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा सोशल मीडिया, कृषि मेलों और प्रदर्शनियों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। बैठक में बताया गया कि बीज प्रसंस्करण व्यवस्था को मजबूत करने के लिए नई सीड प्रोसेसिंग यूनिट एवं कलर सॉर्टेक्स मशीनें स्थापित की जाएंगी। प्रथम चरण में यह कार्य गुना एवं खरगोन में प्रारंभ किया जाएगा, जिसे पैक्स एवं सहकारी समितियों के माध्यम से प्रदेश के अन्य जिलों में विस्तारित किया जाएगा। मंत्री श्री सारंग ने निर्देश दिए कि किसानों को बीज उत्पादन के लिए प्रशिक्षित किया जाए। जिन किसानों ने बीज उत्पादन में अच्छा कार्य किया है, उनके माध्यम से अन्य किसानों को प्रशिक्षण दिया जाए तथा प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार बीज उत्पादन योजनाएं तैयार की जाएं। उन्होंने कहा कि बीज संघ आगामी समय में बीज उत्पादन, ब्रांडिंग, प्रसंस्करण एवं विपणन को मजबूत करते हुए किसानों को किफायती दरों पर उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराने के लक्ष्य के साथ कार्य करे। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त श्री अशोक वर्णवाल, आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक संस्थाएं श्रीमती शीला दाहिमा, राज्य विपणन संघ के प्रबंध संचालक श्री अभिजीत अग्रवाल, बीज निगम के प्रबंध संचालक श्री महेंद्र दीक्षित सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।


# मंत्री टेटवाल ने सारंगपुर में विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की



भोपाल-(आरएनएस) मंत्री श्री टेटवाल ने सारंगपुर में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में विकास कार्यों, आधारभूत संरचना, जल संरक्षण और जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति का समग्र मूल्यांकन किया। बैठक में विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली की विभागवार समीक्षा करते हुए प्रशासनिक दक्षता, समयबद्धता और गुणवत्ता को केंद्र में रखने के निर्देश दिए गए। मंत्री श्री टेटवाल ने स्पष्ट कहा कि विकास कार्य केवल स्वीकृतियों तक सीमित न रहें, बल्कि धरातल पर परिणाम दिखाई दें। सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण हों, पूर्ण परियोजनाओं का त्वरित हस्तांतरण हो और उनका प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने दोहराया कि लापरवाही या अनावश्यक विलंब की स्थिति में जवाबदेही तय की जाएगी। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत संचालित जल संरचनात्मक कार्यों की समीक्षा करते हुए मंत्री श्री गौतम टेटवाल ने वर्षा जल संचयन, नाला उपचार और भू-जल संवर्धन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण को जनांदोलन का स्वरूप देना आवश्यक है, जिससे दीर्घकालीन जल सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। नदियों के पुनर्जीवन और श्रमदान आधारित पहलों में व्यापक जनसहभागिता पर बल दिया गया। पेयजल, शिक्षा एवं अन्य आधारभूत परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए मंत्री श्री टेटवाल ने लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अधूरे या विलंबित कार्य जनता के विश्वास को प्रभावित करते हैं, इसलिए गुणवत्ता और समयबद्धता दोनों पर समान रूप से ध्यान दिया जाए। आवश्यकता होने पर संबंधित एजेंसियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा गया। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, किसानों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराने और पर्यावरण अनुकूल कृषि पद्धतियों के विस्तार पर जोर दिया गया। नरवाई जलाने पर रोक के लिए प्रभावी जागरूकता अभियान संचालित करने और निगरानी तंत्र को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए।

# मां खैरापति मंदिर में 45 वर्षों से अखंडित परंपरा, 65 कलश स्थापना के साथ भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम





**सिवनी**(आरएनएस) सिवनी नगर के मंगलीपेठ स्थित कस्तूरबा वार्ड में विराजमान मां खैरापति मंदिर इन दिनों गहन आस्था, श्रद्धा और धार्मिक उत्साह का केंद्र बना हुआ है। बीते लगभग 45 वर्षों से निरंतर चली आ रही इस गौरवशाली परंपरा के तहत इस वर्ष भी पूरे विधि-विधान, मंत्रोच्चार और भक्तिभाव के साथ 21 मार्च को 65 कलश एवं एक विशेष थप्पर कलश की स्थापना की गई। कलश स्थापना के साथ ही मंदिर परिसर और आसपास का पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया है।

कलश स्थापना के बाद से प्रतिदिन सुबह-शाम पूजा-अर्चना, आरती, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला निरंतर जारी है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर मां खैरापति के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। पूरे वार्ड में आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मक वातावरण का अनुभव किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में धार्मिक एकता और सामाजिक समरसता भी मजबूत हो रही है। आयोजन के अंतर्गत 28 मार्च को विशेष हवन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालु, भक्तगण एवं मोहल्लेवासी बड़ी संख्या में शामिल होकर यज्ञ में आहुति देंगे। यह हवन कार्यक्रम आयोजन का महत्वपूर्ण आध्यात्मिक केंद्र रहेगा,

## 31 मार्च तक टैक्स जमा करने पर पेनल्टी में मिलेगी बड़ी छूट

सिवनी - नगर पालिका परिषद सिवनी ने आम नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। शासन के निर्देशानुसार, आगामी 31 मार्च 2026 तक संपत्तिकर और जलकर की पेनल्टी (अधिभार) में विशेष छूट प्रदान की जा रही है। नगर पालिका प्रशासन ने अपील की है कि जिन नागरिकों का कर बकाया है, वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना तत्काल भुगतान करें। 31 मार्च के पूर्व बकाया राशि जमा करने पर ही शासन द्वारा दी जा रही इस छूट का लाभ मिल सकेगा। नागरिक नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर अपने करों का भुगतान कर सकते हैं और इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

# धूमा पुलिस ने पकडा गौ-वंश से भरा ट्रक, 23 गौवंश कराए मुक्त



सिवनी (आरएनएस) पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देशन में धूमा पुलिस ने अवैध गौ-वंश परिवहन के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने बंजारी के पास घेराबंदी कर एक ट्रक से क्रूरतापूर्वक ले जाए जा रहे 23 गौ-वंश को मुक्त कराया है।थाना प्रभारी डोमन सिंह मरावी को सूचना मिली थी कि ट्रक क्रमांक स्ब्22॥1353 में अवैध रूप से गौ-वंश भरकर नागपुर की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही एसडीओपी लखनादौन अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने बंजारी के पास हड्डी गोदाम के पास नाकाबंदी की।?पुलिस को देखकर ट्रक चालक ने वाहन तेज रफ्तार से भगाकर निकलने की कोशिश की, जिसे स्टापर लगाकर रोका गया। हालांकि, अंधेरे का लाभ उठाकर चालक और उसके साथी जंगल की ओर भागने में सफल रहे। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ गौ-वंश प्रतिषेध अधिनियम और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।?ट्रक की तलाशी लेने पर उसमें 11 गाय, 5 बैल, 3 नाटे, 3 बछिया और 1 मृत बछिया (कुल 23 नग) क्रूरतापूर्वक बंधे पाए गए। पुलिस ने करीब 80 हजार रुपये कीमत के गौ-वंश और 5 लाख रुपये मूल्य का ट्रक जब्त किया है। सभी जीवित मवेशियों को नागनदेवरी गौशाला की सुपुर्दगी में भेज दिया गया है इस कार्रवाई में निरीक्षक डोमन सिंह मरावी, सउनि जयराम ठाकुर, कन्हैयालाल धुर्वे, आरक्षक अरुण पटेल, रवि यादव, भैय्यन अंसारी, चन्द्रभान शाह और डायल 112 की टीम का विशेष योगदान रहा।

# रामनवमी-आस्था, आदर्श और आधुनिक समाज का संतुलन।



भारत की सांस्कृतिक चेतना में रामनवमी केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि जीवन-मूल्यों का उत्सव है। यह दिन मर्यादा, सत्य, कर्तव्य और न्याय के प्रतीक भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। वर्तमान समय में, जब समाज अनेक चुनौतियों—नैतिक द्वंद्व, सामाजिक असंतुलन, और मूल्यहीनता—से जूझ रहा है, ऐसे में रामनवमी का महत्व और भी बढ़ जाता है।

भगवान श्रीराम का जीवन केवल एक पौराणिक कथा नहीं, बल्कि व्यवहारिक जीवन का आदर्श है। उन्होंने राजा होते हुए भी प्रजा के प्रति उत्तरदायित्व को सर्वोपरि रखा। आज के संदर्भ में जब नेतृत्व पर प्रश्न उठते हैं, तब राम का चरित्र हमें यह सिखाता है कि सत्ता सेवा का माध्यम होनी चाहिए, स्वार्थ का नहीं।

रामनवमी हमें पारिवारिक मूल्यों की भी याद दिलाती है। श्रीराम का अपने माता-पिता के प्रति सम्मान, भाईचारे का भाव, और दाम्पत्य जीवन में निष्ठा—ये सभी गुण आज के समाज में अत्यंत प्रासंगिक हैं। आधुनिक जीवन की भागदौड़ में जहां रिश्तों में दूरी बढ़ रही है, वहां राम का जीवन हमें संबंधों की गरिमा बनाए रखने की प्रेरणा देता है।

समाज में बढ़ती असहिष्णुता और वैचारिक टकराव के बीच रामनवमी हमें संयम और समरसता का संदेश देती है। श्रीराम ने जीवनभर धर्म का पालन करते हुए कभी भी अधर्म का साथ नहीं दिया, परंतु उन्होंने संघर्ष के समय भी मर्यादा नहीं छोड़ी। यही संतुलन आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

आर्थिक और सामाजिक विषमताओं के इस दौर में, रामराज्य की कल्पना एक आदर्श व्यवस्था के रूप में हमारे सामने आती है—जहां न्याय, समानता और समृद्धि का संतुलन हो। यह केवल एक कल्पना नहीं, बल्कि शासन और समाज दोनों के लिए एक लक्ष्य होना चाहिए।

आज रामनवमी केवल पूजा-अर्चना तक सीमित न रहकर आत्ममंथन का अवसर बननी चाहिए। हमें यह विचार करना होगा कि क्या हम अपने जीवन में राम के आदर्शों को उतार पा रहे हैं? क्या हमारा समाज उन मूल्यों की ओर बढ़ रहा है जो एक सशक्त और समरस भारत का निर्माण कर सकें?अत:, रामनवमी का यह पावन पर्व हमें केवल उत्सव मनाने का नहीं, बल्कि अपने आचरण, विचार और कर्तव्यों को पुन: परिभाषित करने का संदेश देता है। यही इस पर्व की वास्तविक सार्थकता है।

लेखक

दीपक पचौरी दीप

# 30 मार्च महावीर जयंती पर विशेष- आत्मानुशासन के प्रणेता भगवान महावीर

**वर्तमान की परिस्थितियों में भगवान महावीर के सिद्धांत बहुत प्रासंगिक हैं**

जियो और जीने दो के प्रणेता, अणु शक्ति के आगे मनु शक्ति का प्रयोग करने वाले ,मानव जाति एक है अखंड है, जिसमें ऊँच -नीच की कल्पना करना सत्य का गला घोंटना है, मनुष्य जन्म से नहीं कर्म से महान बनता है, आत्म शक्ति के प्रबल समर्थक भगवान महावीर जी के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं

महावीर जिस युग में हुए तब घोर जातिवाद था और भगवान महावीर जातिवाद के घोर विरोधी थे ,महावीर के शासन में ना जाने कितने शूद्र और चांडाल दीक्षित हुए।

भगवान महावीर के जीवन काल के समय गणतंत्र व्यवस्था अपने विकास के चरम पर थी जैसे आज आधुनिक भारत में लोकतंत्र अपने विकास की ओर अग्रसर हो रहा है हम लोकतंत्रीय परंपराओं को आत्मसात कर रहे हैं भगवान महावीर ने भी अपने सिद्धांतो में लोकतंत्रीय आदर्शों को आश्रय दिया। लोकतंत्र के विभिन्न आदर्श स्वतंत्रता, समानता, आत्म निर्णय का अधिकार ,अनुशासन, सापेक्षता, विश्वबंधुत्व ,वैज्ञानिक दृष्टिकोण ,जागरुकता , सहयोग ,प्रेम, दया, सहिष्णुता आदि को भगवान महावीर ने प्रचारित प्रसारित किया जिससे लोककल्याण की सरिता उद्भूत हुई और जनमानस जागरुक बनकर लोक कल्याण की ओर अग्रसर हुआ। समानता के सिद्धांत के प्रतिपादक भगवान महावीर ही थे जिन्होंने स्वतंत्र आत्म शक्ति पर बल दिया था आत्मा का, आत्मा के द्वारा, आत्म कल्याण के सिद्धांत को प्रतिपादित किया था इस सिद्धांत के अनुसार जीव जंतु ,प्राणी, वनस्पति सभी को अपने समान मानते थे वे कहते थे आत्म शक्ति सबमें एक बराबर है चींटी से इंसान की सब जीवों की रक्षा करना वाणी है भगवान की।

आर्थिक ,सामाजिक ,राजनीतिक ,धार्मिक और सांस्कृतिक समानता का उद्भव भगवान महावीर ने भी किया था जो मार्क्स की याद दिलाता है जिसने साम्यवाद का उद्घोष



किया यह साम्यबाद आंतरिक परिवर्तन की प्रेरणा देता है। साम्यवाद साध्य व साधन दोनों की पवित्रता पर ध्यान देता है यही महावीर का सिद्धांत है जिसकी आज जरूरत है।

आत्मअनुशासन

इसका अर्थ है अपने आप पर शासन ,महावीर का मानना था कि अपने शरीर, मन, वाणी और सभी इंद्रियों पर नियंत्रण रखो , अपनी आत्मा पर शासन करो संयम, तप, निग्रह के द्वारा आत्मअनुशासन रखो वध बंधन के द्वारा किसी को मत सताओ और न किसी के सताए जाने योग्य बनो, स्वेच्छा ही जनतंत्र का आधार है।

विश्व बंधुत्व-

वसुधैव कुटुंबकम के आदर्श का जितना सुंदर प्रतिपादन भगवान महावीर ने किया है उतना कदाचित ही कहीं हुआ हो संसार के प्रत्येक प्राणी यहाँ तक कि जड़ पदार्थों के प्रति भी उनके मन में दया के भाव थे वे किसी के प्रति शत्रुता का भाव नहीं रखते थे किसी से द्वेष नहीं करते थे अपने अपराध के लिए सबसे क्षमा प्रार्थी थे।

खामेभी सब्ब जीवे सव्वे जीवा खमंतु मे

मित्ती मे सव्व एसु ,बैरम् मज्झं न केणई ।


आधुनिक संघर्षशील युग में जब भाई भाई में, देश देश में ,द्वेष और घृणा के भाव पनप रहे हैं तब भगवान महावीर का यह विश्व बंधुत्व का संदेश राष्ट्रीयता अंतर्राष्ट्रीयता एवं लोकतंत्र के लिए अत्यंत आवश्यक है लोकतंत्र की प्रगति प्रेम ,सद्भाव, सहकारिता, सहानुभूति के वातावरण में ही होती है,।

इसके अतिरिक्त अंधविश्वास ,रुढ़िवादिता कर्मकांड का विरोध कर वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास से परीक्षण ,निरीक्षण एवं स्वविवेक से प्रत्येक वस्तु को जाने ,इन्हें सम्यक बनाने का उपदेश दिया अहिंसा, शांति , जागरुकता, न्याय, सत्य, संयम आदि को जीवन में उतारने का संदेश दिया ।महावीर मुक्ति हेतु इन आदर्शों की पुष्टि करते थे जो लोकतंत्र में आवश्यक है इन आधारों पर हम देखें तो महावीर और लोकतंत्र एक दूसरे के पर्यायवाची बन गये हैं। महावीर के सिद्धांत चिंतन का विषय होने चाहिए तभी वर्तमान सुख कर और सुंदर बन पाएगा।

आज का युग शांति की अन्वेषणा
कर रहा चढ़ भ्रांति के जलयान में
लक्ष्य तक वह जा सकेगा क्या कभी
बात यह आई सभी के ध्यान में।

डॉ संध्या जैन श्रुति

(राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षाविद )



हिंदू धर्म में मां गायत्री को वेदों की जननी, ज्ञान और पवित्रता की देवी माना जाता है। मां गायत्री को वेदों की माता, देवमाता और विश्वमाता के रूप में भी जाना जाता है। मां गायत्री को पांच मुख वाली देवी के रूप में दर्शाया गया है। उनके यह पांच मुख पंचतत्वों का प्रतीक है। मां गायत्री की पूजा करने से व्यक्ति को समृद्धि, ज्ञान और मोक्ष की प्राप्ति होती है। बता दें कि यदि कोई जातक की कोई मनोकामना है, तो उसको पूरा करने के लिए रोजाना गायत्री चालीसा का पाठ करना चाहिए।

## गैस संकट के अभी शुरुआती दिन

पश्चिम एशिया में युद्ध लंबा खिंचा (जिसकी पूरी संभावना है) और होरमुज जलडमरुमध्य का मार्ग बंद रहा, तो आने वाले दिनों में नोटबंदी या कोरोना काल जैसे परिमाण के संकट का सामना देश को करना पड़ सकता है। रसोई गैस के लिए हाहाकार मच गया है। जगह-जगह से सिलिंडर भरवाने के लिए गैस एजेंसियों के सामने लंबी कतारों की खबरें मिल रही हैं। ये हाल तब है, जबकि सरकार ने एलपीजी की 80-85 फीसदी सप्लाई औद्योगिक क्षेत्र से घरेलू उपयोग के लिए भेजने का निर्णय लिया है। कॉमर्शियल उपयोग के लिए गैस की सप्लाई काफी हद तक बाधित हो चुकी है। गौरतलब है कि अभी संकट के शुरुआती दिन हैं। पश्चिम एशिया में युद्ध लंबा खिंचा (जिसकी पूरी संभावना है) और होरमुज जलडमरुमध्य का मार्ग बंद रहा, तो आने वाले दिनों में नोटबंदी या कोरोना काल जैसे परिमाण के संकट का सामना देश को करना पड़ सकता है। अब यह सामने आया है कि चूंकि गैस का भंडारण मंहगा पड़ता है, इसलिए भारत ने खुद को लगातार सप्लाई पर ही निर्भर बनाए रखा। अब चूंकि मुश्किल आ खड़ी हुई है, तो सरकार आपातकालीन निर्णय लेने को मजूबर है। उसने ऐसे लिए हैं, जिनसे घरेल उपभोक्ताओं को अधिकतम राहत मिल सके। यह सही, मगर समस्याग्रस्त प्राथमिकता है। आखिर श्रमिक वर्ग के लोग फैक्टरियों या कार्यस्थलों पर कैंटीन या ढाबों में भोजन करते हैं।

लाइन होटल ट्रक एवं बस ड्राइवरों और अन्य लंबी दूरी के यात्रियों के खाना खाने की जगहें हैं। फिर अनगिनत लोग रोज कामकाज के सिलसिले में यात्राओं पर जाते हैं, जो रेस्तरां या होटलों में ही भोजन करते हैं।

# धर्म और जाति को लेकर आए सुप्रीम आदेश के राजनीतिक-सामाजिक मायने

कांग्रेस व समाजवादी मूल की क्षेत्रीय पार्टियां यदि चाहें तो इस मुद्दे पर अपनी राजनीति भी शुरू कर सकती है कि जब हिन्दू, बौद्ध या सिख बनेंगे तो उनका एससी/ओबीसी स्टेटस बरकरार रहेगा, लेकिन जैन, ईसाई, मुसलमान, पारसी आदि बनने पर नहीं, यह कौन सा खिचड़ी न्यायिक दर्शन हैं, जो हर गतिरोध के बाद एक नया गतिरोध पैदा कर देता है।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक अहम फैसले में यह स्पष्ट कर दिया है कि यदि कोई व्यक्ति हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म से बाहर जाकर धर्म परिवर्तन करता है, तो उसे अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जा सकता। दरअसल, आंध्र प्रदेश के एक धर्मांतरित ईसाई पादरी से जुड़े मामले में आए इस नवीनतम फैसले के व्यापक राजनीतिक और सामाजिक मायने हैं। इससे हिन्दू समुदाय के दलितों और पिछड़ों को निशाना बनाकर धर्मांतरित करवाये जाने का पूरा खेल ही अब हतोत्साहित हो जाएगा।

हालांकि, कांग्रेस व समाजवादी मूल की क्षेत्रीय पार्टियां यदि चाहें तो इस मुद्दे पर अपनी राजनीति भी शुरू कर सकती है कि जब हिन्दू, बौद्ध या सिख बनेंगे तो उनका एससी/ओबीसी स्टेटस बरकरार रहेगा, लेकिन जैन, ईसाई, मुसलमान, पारसी आदि बनने पर नहीं, यह कौन सा खिचड़ी न्यायिक दर्शन हैं, जो हर गतिरोध के बाद एक नया गतिरोध पैदा कर देता है। कहने का तातपर्य यह कि ज्यूडिशियल एंटीबायोटिक पॉवर बढ़ाये बिना सम्बन्धित व्यक्ति या समूह का कल्याण नहीं होने वाला है।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने गत 23-24 मार्च 2026 को एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया, जिसमें कहा गया कि हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म (जैसे ईसाई, इस्लाम आदि) में परिवर्तन करने पर अनुसूचित जाति (एससी) का दर्जा तुरंत समाप्त हो जाता है। इस आदेश से एससी/एसटी आरक्षण लाभ और अत्याचार निवारण अधिनियम का संरक्षण खत्म हो जाता है। दरअसल, यह फैसला आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के मई 2025 के आदेश पर आधारित है, जहां एक ईसाई पादरी को एससी/एसटी एक्ट के तहत संरक्षण से वंचित किया गया। क्योंकि कोर्ट ने स्पष्ट किया कि संविधान के अनुसूचित जाति आदेश 1950 के अनुसार केवल निर्दिष्ट धर्मों के अनुयायी ही एससी लाभ ले सकते हैं। ईसाई या इस्लाम अपनाने पर जातिगत पहचान और लाभ दोनों समाप्त हो जाते हैं।

इस फैसले के अहम राजनीतिक मायने हैं। यह फैसला धर्मांतरण पर आधारित आरक्षण दावों को रोक सकता है, जो दक्षिणपंथी दलों के लिए समर्थन बढ़ाएगा। वहीं, अल्पसंख्यक आरक्षण बहस (जैसे दलित ईसाई/मुस्लिम) को प्रभावित कर चुनावी राजनीति में हिंदू एकता पर जोर देगा। राज्य सरकारें ओबीसी/एससी सूचियों की समीक्षा के दबाव में आ सकती हैं। वहीं, इस फैसले के बाद धर्म परिवर्तन और आरक्षण से जुड़ी बहस जोर पकड़ सकती है। चूंकि सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के आलोक में फैसला दिया है, लेकिन कुछ मसले ऐसे होते है जहां कानून और जमीनी हकीकत आमने-सामने आ जाते हैं। भारत में जाति एक सच्चाई है, जिसे नहीं बदला जा सकता, लेकिन इससे जुड़ी बुराइयों को खत्म करने की तमाम कोशिश होनी चाहिए। जो राजनीतिक और न्यायिक अदूरदर्शिता वश नहीं हो पा रही है और तरह तरह के संवैधानिक विवाद जन्म ले रहे हैं, जिससे राष्ट्रीय हितों को लगातार धक्का लग रहा है।

जहां तक इस फैसले के सामाजिक प्रभाव की बात है तो धर्म परिवर्तन के बाद एससी/ओबीसी का लाभ न मिलने से सामाजिक न्याय की नीति मजबूत होगी, लेकिन धार्मिक रूपांतरण रोकने या जातिगत अस्मिता पर बहस तेज हो सकती है। चूंकि दलित समुदायों में हिंदू/सिख/बौद्ध रहने का दबाव बढ़ेगा, जबकि ईसाई/मुस्लिम समुदायों में असंतोष उत्पन्न हो सकता है। फिर भी कुल मिलाकर देखा जाए तो यह आरक्षण को ऐतिहासिक अन्याय सुधार तक सीमित रखने की दिशा में उठाया गया निर्णायक कदम है। इस पर मौजूदा मोदी सरकार के वैचारिक असर से भी इनकार नहीं किया जा सकता है, क्योंकि यह सरकार दलित/ओबीसी हिंदुओं की एकजुटता व समग्र उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है।

हालांकि देश में जाति से जुड़ा सवाल बहुत टेढ़ा और जटिल है। क्योंकि सामाजिक स्तर पर हमेशा से यह बहस का विषय रहा है कि क्या धर्म बदलने भर से जातिगत भेदभाव खत्म हो जाता है? गाहे बगाहे ऐसे मामले सामने आते रहे है, जिनमें दलित या ओबीसी समुदाय के लोगों को दूसरा धर्म अपनाने के बाद भी भेदभाव का सामना करना पड़ता है। पिछले साल मार्च में ही तमिलनाडु के कुछ ईसाई परिवारों, जो पहले दलित थे, ने आरोप लगाया था कि उनके साथ समान व्यवहार नहीं होता। यहां तक कि कब्रिस्तान में उनके लोगों के शवों को दफनाने के लिए भी अलग जगह है।

उल्लेखनीय है कि शीर्ष अदालत के फैसले का आधार संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 है। जिसका क्लॉज 3 कहता है कि हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म को मानने वाले ही एससी श्रेणी में आ सकते है। धर्म परिवर्तन और जाति से जुड़ी यह बहस बहुत पुरानी है।

## हमारी नियति झूठमेव जयते

हरिशंकर व्यास

भारत हर दिन झूठ सुनता है। जैसे ताज़ा वाक्य है—हम बंगाल जीतेंगे और घुसपैठियों को बाहर निकालेंगे! सोचें, भाजपा ने पूरा देश बारह वर्षों से जीता हुआ है और इन बारह वर्षों में बारह दर्जन घुसपैठिए भी भारत से नहीं निकाले गए! और तो और बांग्लादेश से सटे असम, त्रिपुरा, मणिपुर से लेकर दिल्ली, बिहार, यूपी आदि सभी को मोदी सरकार ने पिछले बारह वर्षों से जीता हुआ हैं, पर कितने घुसपैठिए भारत से निकाले गए? बावजूद इसके, फिर झूठ के बूते ही भाजपा बंगाल जीतेगी! ऐसे ही बाहर वर्षों से इज़राइल हमें सीमा सुरक्षा, आतंकवाद के मामले में ड्रोन आदि हर तरह की मदद करता हुआ है, लेकिन इन्हीं बारह वर्षों में पुलवामा से लेकर पहलगाम के आतंकी हमले हुए, जो न तो सामान्य थे और न जिनका कोई ज़िम्मेदार एक भी आतंकी पकड़ा गया। बावजूद इसके, नागरिकों में भय और असुरक्षा पैदा कर उनके वोट लेते रहने के लिए आतंक मिटाने का झूठा नैरेटिव स्थायी है। सोचें, पिछले सप्ताह नई वैश्विक क्रांति एआई का दिल्ली में कैसा मेला-तमाशा हुआ? भारत को अमेरिका, चीन जैसा एआई महाबली बताया गया। जबकि इस सप्ताह की हक़ीक़त यह है कि भारत की आईटी कंपनियों के शेयर बुरी तरह गिरे। टीसीएस, इंफोसिस जैसी नामी कंपनियों के शेयरों की कीमत 18 से 25 प्रतिशत लुढ़की। अकेले फरवरी में भारत की आईटी कंपनियों का 47 बिलियन डॉलर वैल्यूएशन खत्म हुआ है। पर मुमकिन है इस सप्ताह से यह नया झूठ शुरू हो कि पहले से ही भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। यह छल होगा जीडीपी वृद्धि की गणना के आधार वर्ष को बदलकर। इस नए आधार वर्ष के साथ भारत की सांख्यिकी एजेंसी डिजिटल सेवाओं और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे नए क्षेत्रों के योगदान को जीडीपी में बढ़ाने वाली है।

## उत्तर कोरिया- दिखावटी चुनाव में तानाशाह की फिर बल्ले-बल्ले

उत्तर कोरिया में चुनाव का मतलब केवल कोरियाई आवाम के अनुशासन को चेक करना और सरकारी डेटा को अपडेट करना मात्र होता है। वहां जनता अपनी पसंद का न उम्मीदवार चुन पाती है और न वोट कर सकती है। वोट न करना देशद्रोह माना जाता है। नार्थ कोरियाई लोग किम जोंन का आदेश किसी भी सूरत में नहीं टालते।

2 करोड़ 66 लाख आबादी वाले अघोषित गुलाम मुल्क उत्तर कोरिया में 15वें 'सुप्रीम पीपल्स असेंबली' के संपन्न दिखावटी चुनाव में भी किम जोंग उन ने एकतरफा जीत हासिल करके फिर से अपने तानाशाह होने का परिचय न सिर्फ अपने देशवासियों को, बल्कि समूचे संसार को दे दिया है। सभी 687 सीटों पर उनके समर्पित लोग जीते हैं। मौजूदा चुनाव में भी उनके सामने ना कोई विपक्ष था और न ही कोई विरोधी? चुनाव में उन्होंने उम्मीदवार के रूप में अपने चपरासी, नौकर, जीजा, बहनें और जी-हुजूरी करने पार्टी कार्यकर्ता-कर्मचारियों को टिकट देकर उतारा था। चुनाव में किम जोंग की दो छोटी बहनें किम यो-जोंग, चो सन-हुईन और जीजा किम नॉउ व योंग-वोन भी जीते हैं। गठित कैबिनेट में इन चारों को बड़ी जिम्मेदारी देंगे किम जोंग।

उत्तर कोरिया में चुनाव का मतलब केवल कोरियाई आवाम के अनुशासन को चेक करना और सरकारी डेटा को अपडेट करना मात्र होता है। वहां जनता अपनी पसंद का न उम्मीदवार चुन पाती है और न वोट कर सकती है। वोट न करना देशद्रोह माना जाता है। नार्थ कोरियाई लोग किम जोंन का आदेश किसी भी सूरत में नहीं टालते। अगर वो कहें कि आज सूरज पूरब से नहीं पश्चिम से उगेगा, तो देशवासियों को हाँ में ही जवाब देना होता है। जब वो हंसते हैं, तो सबको हंसना पड़ता है। घर से दो दिन किसी को नहीं निकलना है, तो कोई नहीं निकलता। लॉकडाउन जैसी स्थिति वहां हो जाती है। ऐसी अजीबोगरीब शर्तों को नार्थ कोरियाई आवाम को न चाहते हुए भी मानना पड़ता है। उत्तर कोरियाई का संसदीय चुनाव का इतिहास 1948 से रहा है। तब, वहां श्रमिक पार्टी, चोंडो ईस्ट चांगु पार्टी, कोरियाई लोकतांत्रिक पार्टी, श्रमिक जन पार्टी, पीपल्स रिपब्लिकन पार्टी व डेमोक्रेटिक इंडिपेंडेंट पार्टी की धूम होती थी। लेकिन अब सिर्फ और सिर्फ तानाशाह का ही चारों ओर बोलबाला है।

वहां, पिछला संसदीय चुनाव 10 मार्च 2019 को हुआ था। परंपरा प्रत्येक 5 साल बाद चुनाव कराने की है, लेकिन हुए 7 साल बाद हैं। इस चुनाव में आदेश था कि सभी सरकार के पक्ष में वोट करें, देशवासियों ने उनके आदेशानुसार वोट डाले। वोटर टर्नआउट 99.99 प्रतिशत रहा, जिनमें उनके पक्ष में रिकॉर्ड 99.93 प्रतिशत वोटिंग हुई। पंजीकृत मतदाताओं में केवल 0.0037 प्रतिशत वोटरों ने चुनावी प्रक्रिया में किसी कारण हिस्सा नहीं लिया जिनमें ज्यादातर ऐसे लोग बताए जाते हैं जो चुनाव के वक्त या देश से बाहर थे या हारी बीमारी से पीड़ित थे। सरकारी मीडिया एजेंसी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के मुताबिक 516 लोगों ने वोट नहीं डाले, जिनकी खोज पड़ताल जारी है। खोजने पर उन्हें मौत की सजा सुनाई जाएगी। घरों की तलाशी जारी है, हाथ पर लगे निशान की जांच की जा रही है।

## सामाजिक समरसता के प्रतीक भगवान श्रीराम

ये भगवान श्रीराम ही थे जिन्होंने राज्याभिषेक के समय माता कैकेयी द्वारा चौदह वर्ष के वनवास के आदेश को न केवल सहर्ष स्वीकार किया अपितु माता कैकेयी के प्रति भी उनके मन में किंचित भी क्रोध, द्वेष या प्रतिकार की भावना उत्पन्न नहीं हुई। वे माता कौशल्या की भांति ही कैकेयी के प्रति भी आदर का भाव रखते रहे। भारत विविधतापूर्ण भाषा संस्कृति वाला देश है। देश को एक सूत्र में पिरोकर रखने के लिए ऐसे नेतृत्व की सदैव आवश्यकता रही है जो समस्त विविधताओं में समन्वय स्थापित कर सामाजिक व्यवस्था में समरसता बनाए रख सके। इस दृष्टि से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम सामाजिक समरसता के अग्रदूत हैं। हमारे वेद तथा धर्मशास्त्रों में धर्म के स्वरूप व आचार-विचार की विवेचना तो है किन्तु सामाजिक जीवन में उसको व्यवहार में कैसे लाया जाये, इसका आदर्श उदाहरण भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र में ही दृष्टिगोचर होता है। समस्त लौकिक व अलौकिक गुणों का जो समावेश भगवान श्रीराम के जीवन में स्पष्ट होता है वह अन्यत्र दुर्लभ है। एक साधारण मनुष्य के रूप में समस्त सामाजिक, नैतिक और राजनैतिक मर्यादाओं का जैसा पालन श्रीराम ने किया है वैसा कोई अन्य उदाहरण विश्व साहित्य में भी उपलब्ध नहीं है।

## तेज होती हथियारों की होड़ और अस्थिर होती विश्व व्यवस्था

तेज होती हथियारों की होड़ और अस्थिर होती विश्व व्यवस्था आज मानव सभ्यता के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बनकर खड़ी है। दुनिया एक ऐसे मोड़ पर पहुंच गई है जहां युद्ध केवल सीमाओं पर लड़े जाने वाले संघर्ष नहीं रह गए हैं, बल्कि उनका प्रभाव पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा व्यवस्था, पर्यावरण, सृष्टि-संतुलन, खाद्य सुरक्षा और सामाजिक स्थिरता तक पहुंच रहा है। पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव, ईरान और इजरायल के बीच हमलों का नया दौर, अमेरिका की रणनीतिक भूमिका, रूस-यूक्रेन युद्ध और चीन-ताइवान तनाव जैसे अनेक घटनाक्रम मिलकर यह संकेत दे रहे हैं कि दुनिया एक बार फिर हथियारों की दौड़ और शक्ति संतुलन की राजनीति की ओर लौट रही है। यह स्थिति केवल राजनीतिक या सामरिक नहीं, बल्कि मानवीय संकट का संकेत भी है, क्योंकि जब दुनिया हथियारों पर ज्यादा खर्च करती है तो विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण जैसे क्षेत्र पीछे छूट जाते हैं। आज हर देश अपनी सुरक्षा के नाम पर हथियार खरीद रहा है, सेना को मजबूत कर रहा है और सैन्य बजट बढ़ा रहा है। यह एक ऐसी दौड़ बन गई है जिसमें कोई भी देश पीछे नहीं रहना चाहता। लेकिन विडंबना यह है कि जितने अधिक हथियार बढ़ रहे हैं, दुनिया उतनी ही असुरक्षित होती जा रही है। सुरक्षा की यह मानसिकता वास्तव में असुरक्षा का ही परिणाम है। एक देश हथियार बढ़ाता है तो दूसरा देश भी हथियार बढ़ाता है और इस तरह एक अविश्वास का वातावरण बन जाता है। यह अविश्वास ही युद्ध की जमीन तैयार करता है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि आने वाले वर्षों में दुनिया का सैन्य खर्च कई गुना बढ़ जाएगा और यह पैसा मानव विकास के बजाय विनाश की तैयारी में खर्च होगा। यह स्थिति मानव सभ्यता के लिए शुभ संकेत नहीं है। पश्चिम एशिया का संकट इस समय दुनिया के लिए सबसे बड़ा खतरा बनता दिखाई दे रहा है। ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते हमले, समुद्री मार्गों की सुरक्षा को लेकर तनाव और बड़े देशों की प्रत्यक्ष या परोक्ष भागीदारी ने इस क्षेत्र को युद्ध के कगार पर खड़ा कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा समुद्री मार्ग खोलने की चेतावनी को खारिज करते हुए ईरान ने इजरायल पर हमलों का नया दौर शुरू किया है, जिससे यह संकट और अधिक गंभीर हो गया है। यदि यह संघर्ष लंबा चलता है तो इसका प्रभाव केवल इस क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी दुनिया पर पड़ेगा, क्योंकि यह क्षेत्र दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति का केंद्र है।

दुनिया की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा तेल और गैस पर निर्भर है और पश्चिम एशिया तेल उत्पादन का सबसे बड़ा क्षेत्र है। यदि वहां युद्ध बढ़ता है या समुद्री मार्ग बाधित होते हैं तो तेल की कीमतें तेजी से बढ़ेंगी। तेल महंगा होगा तो पेट्रोल-डीजल महंगा होगा, परिवहन महंगा होगा, उत्पादन लागत बढ़ेगी और अंततः हर वस्तु महंगी हो जाएगी।

## ईरान, इजराइल, अमेरिका संघर्ष की कीमत भारत को भी चुकानी पड़ेगी? इस वर्ष युद्ध और शांति, दोनों रंग नजर आएंगे!

इस वक्त चल रहे ईरान के साथ इजराइल और अमेरिका के युद्ध की कीमत भारत को भी चुकानी पड़ेगी, हालांकि अच्छी खबर यह है कि यह वर्ष तो संघर्ष के संकेत दे रहा है, लेकिन गुजरते समय के साथ शांति, सुख-समृद्धि के रंग भी नजर आएंगे.

विक्रम संवत 2083 में चैत्र नवरात्रि की शुरूआत 19 मार्च 2026, गुरुवार को हुई है, इसलिए देवी त्रिपुरा का आगमन पालकी पर हुआ है, जिसका परिणाम है- इस वर्ष में संघर्ष, आर्थिक मंदी के कारण जन-धन के नुकसान की आशंका है, लेकिन मातारानी की विदाई हाथी पर होगी, मतलब.... शुभ समय, जो सुख, समृद्धि, सफलता और खुशहाली का संदेश लेकर आएगा.

विक्रम संवत 2083 की शुरुआत मीन लग्न में हुई है, इसलिए कई देशों में युद्ध, आपदा, भूकंप जैसे हालात बन सकते हैं, तो कई जगहों पर सत्ता परिवर्तन भी संभव है.

## हुमायु कबीर-ओवेसी के गठबंधन से क्या टीएमसी कमजोर साबित होगी

सौरभ वार्ष्णेय

पश्चिम बंगाल की राजनीति में नए समीकरण बनने की आहट अक्सर सियासी बहस को तेज कर देती है। हाल के दिनों में हुमायु कबीर और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के संभावित गठबंधन की चर्चा इसी संदर्भ में देखी जा रही है। सवाल यह है कि क्या इससे तृणमूल कांग्रेस कमजोर होगी? जबकि ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस पार्टी (टीएमसी) की पकड़ बहुत मजबूत है। गांव-गांव ममता की की छवि प्रभावशील नेता के रूप में विख्यात है। ममता दीदी के नाम से सब जगह उन्हें प्यार दुलार के रूप में देखा जाता है। ममता को कम आंकना बेइमानी होगी। वहीं भाजपा को अन्य राज्यों में हुए चुनाव में समीकरण देखने से पता चता है कि आवेसी की पार्टी ने कुछ हद तक प्रभाव डाला है। अब ऐसे में ममता की तीसरी पारी कैसी होगी यह समय के गर्त में है।

पश्चिम बंगाल का चुनाव ऐसे समय हो रहा है जहां विश्व में कई देश में युद्व की आग में झुके हुए हैं। जिससे पूरे विश्व में चीजें अवरुद्व हो रही है। ऐसे ही युद्व चलता रहा तो निश्चित ही महंगाई भी चरम सीमा पर होगी। अगर देखा जाये तो वोट बैंक की राजनीति और प्रभावित होगी। पश्चिम बंगाल में मुस्लिम वोट बैंक एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो अब तक बड़े पैमाने पर टीएमसी के साथ रहा है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन की रणनीति आमतौर पर इसी वोट बैंक में सेंध लगाने की रही है, जैसा कि उसने बिहार और अन्य राज्यों में करने की कोशिश की। यदि हुमायु कबीर जैसे स्थानीय प्रभाव वाले नेता ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के साथ आते हैं, तो कुछ इलाकों में वोटों का बंटवारा संभव है।

हालांकि, यह मान लेना जल्दबाजी होगी कि इससे टीएमसी को बड़ा नुकसान होगा। इसके पीछे कुछ कारण हैं संगठनात्मक मजबूती ममता बनर्जी के नेतृत्व में जमीनी नेटवर्क काफी मजबूत है। स्थानीय बनाम बाहरी छवि बंगाल की राजनीति में बाहरी बनाम स्थानीय का मुद्दा अहम रहता है, और ओवेसी की पार्टी को अक्सर बाहरी पार्टी के रूप में देखा जाता है।

वोट ट्रांसफर की चुनौती- गठबंधन बनने के बावजूद वोटों का पूरी तरह ट्रांसफर होना आसान नहीं होता। किन क्षेत्रों में असर संभव? सीमावर्ती जिलों और मुस्लिम बहुल सीटों—जैसे मुर्शिदाबाद, मालदा, उत्तर दिनाजपुर—में इसका कुछ असर दिख सकता है। लेकिन यह असर अधिकतर ञरूष्ट को हराने की बजाय विपक्षी वोटों के और बिखराव के रूप में सामने आ सकता है। दिलचस्प बात यह है कि इस तरह के गठबंधन का अप्रत्यक्ष फायदा भारतीय जनता पार्टी को मिल सकता है। यदि विपक्षी वोट बंटते हैं, तो त्रिकोणीय मुकाबले में भाजपा को बढ़त मिल सकती है।

हुमायु कबीर गठबंधन के लिए स्थानीय स्तर पर चुनौती जरूर खड़ी कर सकता है, लेकिन इसे टीएमसी की व्यापक कमजोरी के रूप में देखना अभी उचित नहीं होगा। यह ज्यादा संभावना है कि इससे विपक्षी खेमे में वोटों का विभाजन बढ़े, जिसका लाभ किसी तीसरे पक्ष को मिल सकता है। कुल मिलाकर, यह गठबंधन बंगाल की राजनीति में हलचल तो पैदा करेगा, लेकिन टीएमसी की जड़ों को हिलाने के लिए अभी और मजबूत, व्यापक और संगठित चुनौती की जरूरत है।

ममता का संघर्ष, सादगी और सियासत की मिसाल

भारतीय राजनीति में ममता का नाम एक ऐसे नेता के रूप में लिया जाता है, जिन्होंने ज़मीनी संघर्ष से सत्ता के शिखर तक का सफर तय किया। उनका राजनीतिक जीवन केवल पद और सत्ता की कहानी नहीं, बल्कि जिद, जनसंपर्क और निरंतर संघर्ष की दास्तान है। ममता बनर्जी का जन्म 5 जनवरी 1955 को हुआ। साधारण परिवार से आने वाली ममता ने कम उम्र में ही राजनीति में दिलचस्पी दिखानी शुरू कर दी थी। उन्होंने छात्र जीवन से ही सक्रिय राजनीति में भाग लिया और जल्द ही इंडियन नेशनल कांग्रेस से जुड़ गईं। 1970-80 के दशक में उन्होंने कांग्रेस के युवा चेहरों में अपनी पहचान बनाई। 1984 में उन्होंने पहली बार लोकसभा चुनाव जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। तृणमूल कांग्रेस की स्थापना ऐसे समय में हुई जब समय के साथ कांग्रेस में मतभेद बढ़ने लगे। 1998 में ममता बनर्जी ने अलग होकर टीएमसी की स्थापना की। यह कदम उनके राजनीतिक जीवन का सबसे बड़ा मोड़ साबित हुआ। टीएमसी ने धीरे-धीरे पश्चिम बंगाल में अपनी पकड़ मजबूत की और वाम मोर्चे के लंबे शासन को चुनौती दी। 34 वर्षों से सत्ता में रही सरकार को 2011 में ममता बनर्जी ने सत्ता से बेदखल कर दिया। यह पश्चिम बंगाल की राजनीति में ऐतिहासिक परिवर्तन था। ममता बनर्जी राज्य की पहली महिला मुख्यमंत्री बनीं और उन्होंने खुद को दीदी के रूप में जनता के बीच स्थापित किया। ममता बनर्जी की राजनीति की सबसे बड़ी विशेषता उनकी सादगी और जनसंवाद है। वे अक्सर सीधे जनता के बीच जाती हैं और खुद को एक आम नागरिक के रूप में प्रस्तुत करती हैं।

उनकी सरकार ने कई सामाजिक योजनाएं शुरू कीं, जैसे— कन्याश्री योजना (महिला सशक्तिकरण), सबुज साथी (छात्रों के लिए साइकिल), स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में सुधार, विवाद और चुनौतियां आदि।

हर बड़े नेता की तरह ममता बनर्जी का सफर भी विवादों से अछूता नहीं रहा। विपक्ष अक्सर उन पर तुष्टिकरण की राजनीति का आरोप लगाता है। केंद्र और राज्य के बीच टकराव भी उनकी राजनीति का हिस्सा रहा है। चुनावी हिंसा और प्रशासनिक फैसलों पर भी सवाल उठते रहे हैं।

ममता बनर्जी का राजनीतिक जीवन यह साबित करता है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और जनसमर्थन से असंभव भी संभव हो सकता है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की राजनीति को नई दिशा दी और खुद को राष्ट्रीय राजनीति में एक प्रभावशाली नेता के रूप में स्थापित किया। आज वे केवल एक मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि विपक्षी राजनीति की एक मजबूत आवाज भी हैं—जो सत्ता के खिलाफ खड़े होने का साहस रखती हैं।

पश्चिम बंगाल की राजनीति एक बार फिर निर्णायक मोड़ पर खड़ी दिखाई दे रही है। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जिस तरह का माहौल बन रहा है, उसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपनी जीत की संभावनाओं को लेकर आश्वस्त नजर आ रही है।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि- आज आपका दिन घूमने-फिरने में अधिक बीतेगा। आज परिवार में विशेष लोगों का आवागमन हो सकता है। आज आपका करीबी आपसे मिलने आएगा, जिससे मिलकर अपनी पुरानी यादें ताजा होंगी।

वृष राशि- आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लेकर आया है। आज काम शुरू करते वक्त आपको सोच विचार करना चाहिए। आपकी आय के मुकाबले खर्चों में अधिकता रहेगी। नेत्र संबंधित समस्या के लिए डॉक्टर से सलाह ले सकते हैं।

मिथुन राशि- आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। नया ऑफिस ज्वॉइन करना चाहते हैं तो समय आपका साथ देगा। कार्य क्षेत्र में सफलता हासिल होगी। आज नौकरी में उल्लास का माहौल बनेगा। डॉक्टर्स आज अपने सीनियर से महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करेंगे।

कर्क राशि- आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज दोस्तों के साथ बाहर खाने का प्लान बनाएंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को सोच समझकर फैसला लेना चाहिए।

सिंह राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। व्यापार में अनुकूल स्थितियां बनी रहेंगी। आज बड़ों का सपोर्ट आपको मिलेगा। आज बच्चों के साथ आप समय बिताएंगे।

कन्या राशि- आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा। बिजनेस में डील आज फाइनल होगी। आज नए क्लाइंट्स के साथ मीटिंग करेंगे। अविवाहितों के चल रहे रिश्ते की बात जल्द पक्की होगी।

तुला राशि- आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज सोची हुई कार्य योजनाओं को पूर्ण करने में सफलता मिलेगी। जो लोग नौकरी कर रहे हैं, उन्हें अपने कार्यक्षेत्र में दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना अच्छा रहेगा।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज का दिन आनंद से भरा रहेगा, आप जिंदगी को पूरी तरह जिएंगे। इस राशि के प्रतियोगी परीक्षा के छात्रों को समझदारी से तैयारी करनी चाहिए।

धनु राशि- आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज पुराना मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है, आप उसे निराश नहीं करेंगे अपनी सामर्थ्य अनुसार सहायता करेंगे। स

मकर राशि- आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप मशीनरी खरीदने का मन बना सकते हैं। परिवार के सदस्यों में प्रेमभाव बढ़ेगा। लवमेट को मनचाहा उपहार मिलेगा।

कुंभ राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। पुत्र पक्ष से सहयोग मिलेगा, रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। इस राशि के लोगों का प्रोजेक्ट जल्द पूरा हो जाएगा, लोग आपके कार्य से खुश होंगे।

मीन राशि- आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज किसी मेहमान के आने से उनके सत्कार की तैयारियों में व्यस्त रहेंगे। आज आपको आय के नए साधन मिलेंगे। सिविल इंजीनियर्स का आज पहले का प्रोजेक्ट पूरा हो जाएगा।



सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों के साथ वार्ता करेंगे ताकि देश की तैयारियों और योजनाओं की समीक्षा की जा सके, क्योंकि संघर्ष चौथे सप्ताह में प्रवेश कर चुका है। बैठक में %टीम इंडिया% की भावना से प्रयासों में तालमेल सुनिश्चित करने पर जोर दिया जाएगा। हालांकि, जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, वहां के सीएम आचार संहिता ( एमसीसी ) के कारण बैठक का हिस्सा नहीं होंगे। हालांकि, चुनाव वाले सभी राज्यों के मुख्य सचिवों के लिए जल्द ही एक अलग बैठक आयोजित की जाएगी।

# देश को तबाह करने की काली करतूत के जिम्मेदार जवाहरलाल नेहरू : निशिकांत दुबे

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। झारखंड के गोड्डा से चौथी बार भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे लगातार कांग्रेस पर हमलावर हैं। निशिकांत दुबे ने कांग्रेस के खिलाफ एक श्रृंखला कांग्रेस का काला अध्याय शुरू की है। इसके तहत वह सोशल मीडिया एक्स पर तिथि के अनुसार कांग्रेस सरकार के समझौते और फैसले के दस्तावेज पोस्ट करते हुए टिप्पणी कर रहे हैं। निशिकांत दुबे ने %कांग्रेस का काला अध्याय 9 एपिसोड% एक्स पर पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने लिखा है, आज, यानी 25 मार्च 1914 को शिमला में ब्रिटिश इंडिया, चीन सरकार और तिब्बत ने मिलकर एक समझौता किया, जिसके अंतर्गत नेपाल और तिब्बती समझौता 1856 तथा जम्मू कश्मीर तिब्बती समझौता 1842 लागू हुआ। तिब्बत और भारत के बीच सीमा निर्धारण मैकमोहन लाइन के तहत किया गया। हालांकि मई 1951 में नेहरू ने चीन के आधिपत्य को सत्रह समझौते के अनुसार तिब्बतियों को चीन का नागरिक बना दिया। बचा काम 29 अप्रैल 1954 में तिब्बत पर चीन के पूर्ण नियंत्रण का समझौता कर लिया तथा इस समझौते के तहत चीन को बेरोकटोक भारत आने की छूट दे दी। देश को तबाह करने की काली करतूत के जिम्मेदार केवल और केवल नेहरु जी ही हैं।

इसके पहले 24 मार्च को निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा था, 24 मार्च 1990 को श्रीलंका से भारतीय सेना हारकर जबरदस्ती भगाई गई और लौटी। भारतीय सेना की अंतिम टुकड़ी को विदा करने वालों में आज के हमारे विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर भी थे, जो उन दिनों श्रीलंका में कार्यरत थे। भारतीय सेना तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के जिद और जुनून के कारण जबरदस्ती 1987 में अपने ही तमिल भाइयों को मारने पहुंची थी। गांधी परिवार का यह जुनून नया नहीं था। इसके पहले 24 मार्च 1971 को भी इंदिरा गांधी ने भारतीय सेना को श्रीलंका के छात्र आंदोलन पर नियंत्रण के लिए वहां भेजा था लेकिन 1971 के पाकिस्तान युद्ध के दौरान श्रीलंका ने पाकिस्तान का साथ दिया। हमारे हजारों जवान 1987 से लेकर 1990 तक मारे गए। श्रीलंका के तत्कालीन राष्ट्रपति प्रेमदास ने भारतीय जवानों पर तरह-तरह के आरोप लगाए और राजीव गांधी को चिट्ठी लिखी। पहली बार विदेशी धरती पर भारतीय प्रधानमंत्री के ऊपर हमला हुआ और देश के सम्मान को ठेस पहुंची।

**नहीं बदले हैं गैस रिफिल बुकिंग के नियम, घबराने की जरूरत नहीं : पेट्रोलियम मंत्रालय**

नई दिल्ली (आरएनएस)। एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग समय-सीमा (रिफिल टाइमलाइन) में बदलाव को लेकर चल रही खबरों और सोशल मीडिया पोस्ट पर सरकार ने बड़ा स्पष्टीकरण जारी किया है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने साफ कहा है कि एलपीजी रिफिल बुकिंग के नियमों में कोई बदलाव नहीं किया गया है और पुरानी व्यवस्था ही लागू है। मंत्रालय ने बताया कि कुछ समाचार रिपोर्टों और सोशल मीडिया पोस्टों में यह दावा किया जा रहा था कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत एलपीजी रिफिल बुकिंग के लिए 45 दिन, नॉन-पीएमयूवाई सिंगल सिलेंडर के लिए 25 दिन और डबल सिलेंडर के लिए 35 दिन की नई समय-सीमा तय की गई है। सरकार ने इन दावों को पूरी तरह गलत और भ्रामक बताया है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि मौजूदा नियमों के तहत एलपीजी रिफिल बुकिंग की समय-सीमा शहरी क्षेत्रों में 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन ही है, और यह सभी प्रकार के कनेक्शन पर समान रूप से लागू होती है।

सरकार ने नागरिकों से अपील की है कि वे ऐसी अफवाहों पर विश्वास न करें और न ही उन्हें आगे फैलाएं। साथ ही, घबराहट में गैस सिलेंडर की अनावश्यक बुकिंग से भी बचने की सलाह दी गई है।

मंत्रालय ने भरोसा दिलाया है कि देश में एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और किसी तरह की कमी की कोई स्थिति नहीं है। सरकार ने बताया कि देश की सभी रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं और सोमवार तक 18,700 टन कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति की जा चुकी है। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा के अनुसार, देश भर में पेट्रोल और डीजल का भी पर्याप्त भंडार है और 1 लाख से अधिक पेट्रोल पंप सामान्य रूप से संचालित हो रहे हैं। इसके साथ ही, पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) कनेक्शन का तेजी से विस्तार किया जा रहा है



नई दिल्ली के ग्रीन पार्क में अंतिम संस्कार के दौरान, हरीश राणा-भारत में जिन्हें सबसे पहले %पैसिव यूथेनेशिया% (इ%छा-मृत्यु) की अनुमति मिली थी-के परिवार के सदस्य और रिश्तेदार।



नई दिल्ली में दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र के दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता।

# राहुल गांधी के चश्में पर धूल जमी है इसलिए उन्हें सच धुंधला दिख रहा, नरेंद्र मोदी विश्व के चमकते सितारे हैं : अनिल विज

चंडीगढ़ (आरएनएस)। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी को अपना चश्मा साफ कर लेना चाहिए क्योंकि यदि चश्में पर धूल जमी हुई हो तो सब कुछ धुंधला नजर आता है। नरेंद्र मोदी आज विश्व के चमकते सितारे है, सारे विश्व में मोदी को मान-सम्मान से बुलाया जाता है। मोदी जी ने जो करके दिखाया इस देश में उसको मानना चाहिए व सच को स्वीकार करना चाहिए। विज आज पत्रकारों द्वारा राहुल गांधी के बयान कि प्रधानमंत्री के भाषण के बाद उनकी छवि धूमिल हो चुकी है, के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बयान कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह का कार्यकाल समाप्त होने वाला है, पर ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने तंज कसते हुए कहा कि सपने लेने पर किसी सरकार ने प्रतिबंध नहीं लगाया है, कोई भी सपना कोई भी ले सकता है। केजरीवाल स्वयं डूब चुके हैं और डूबा हुआ आदमी सपने लेता रहे, मगर उनके सपने कभी सच नहीं होंगे।

ऊर्जा मंत्री अनिल विज का एआईएमआईएम नेता पर प्रहार, गलतफहमी में न रहें, देश में कानून का राज है

एआईएमआईएम नेता के बयान कि उन्हें 11 विधायक मिल जाए तो यूपी में मुसलमान को मारेगा उसे मुठभेड़ में मार गिराएंगे और मदरसों की रक्षा करेंगे, पर ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इनके जैसे और भी कुछ नेता है जो यदा कदा बोलते हैं। यह गलतफहमी के शिकार हैं, देश में कानून का राज है और सख्ती का राज है। उसका पालन करते हुए सारे लोगों की सुरक्षा का जिम्मेवारी सरकारें निभा रही हैं।

धुरंधर 2 फिल्म पर सपा सांसद के बयान पर मंत्री अनिल विज का पलटवार, कहा बिना देखे फिल्म पर सवाल उठाना सिर्फ दुर्भावना!

फिल्म धुरंधर 2 में अतीक अहमद के चित्रण पर सपा सांसद अफजल अंसारी के बयान कि उन्होंने फिल्म नहीं देखी मगर फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित नहीं है, पर ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि जब उन्होंने फिल्म ही नहीं देखी तो उन्हें कैसे पता कि फिल्म का मतलब क्या है और क्या उसमें दिखाना चाहते हैं व क्या बताना चाहते हैं। जब उन्होंने फिल्म देखी ही नहीं तो फिर ऐसा बयान देना केवल जनता में इस प्रकार की दुर्भावना फैलाना, इसके अलावा कोई काम नहीं है।

**साधु-संतों के आशीर्वाद से सनातन संस्कृति का हो रहा पुनर्जागरण : भजनलाल शर्मा**

बालोतरा (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजनीति हो या कोई अन्य कार्य हो, धर्म आवश्यक है, धर्म के अभाव में कोई भी कार्य ठीक से नहीं हो सकता। धर्म परायण होने पर ही सिद्धियां प्राप्त होती हैं और उसी से ही उत्कृष्ट समाज एवं राष्ट्र की स्थापना हो सकती है। सनातन परम्परा हमें धर्म पर चलते हुए सामाजिक एकता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की धरा शौर्य, आस्था और भक्ति की त्रिवेणी है, जहां साधु-संतों के आशीर्वाद से

# आप विधायक पठानमाजरा गिरफ्तार, मध्य प्रदेश से पकड़े गए; रेप केस में हैं वांटेड

चंडीगढ़ (आरएनएस)। पंजाब में आप के विधायक हरमीत सिंह पठानमाजारा को पटियाला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पठानमाजरा पर एक महिला ने यौन शोषण के आरोप हैं। इसके बाद उन पर केस दर्ज हो गया था।

गिरफ्तारी से बचने के लिए पठानमाजरा ऑस्ट्रेलिया भाग गए थे। उसके बाद पुलिस ने उन्हें भगौड़ा करार दिया। वह ऑस्ट्रेलिया से बार-बार लाइव होकर सरकार के खिलाफ बोलते रहे। मंगलवार देर रात जब उन्हें मध्य प्रदेश के ग्वालियर में देखा गया तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

यौन शोषण मामले में पठानमाजरा के वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका लगाई थी। इसकी सुनवाई 25 मार्च को तय हुई। इसी के लिए वह स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार होकर दिल्ली आ रहे थे। पठानमाजरा के लिए पहले ही लुक आउट नोटिस जारी था। जैसे ही उन्हें देखा गया तो शिवपुरी में उनहें पकड़ लिया गया। वहीं पटियाला के एसएसपी वरुण शर्मा ने बताया है कि आरोपी को काफी समय से अरेस्ट करने की कोशिश जारी थी। मध्य प्रदेश के शिवपुरी एरिया से इन्हें और इनके 3 साथियों को काबू किया है। एसएसपी ने बताया, कि पठानमाजरा को पटियाला लाया गया है।




नई दिल्ली में बजट सत्र के दूसरे चरण के दौरान, विपक्षी सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे, सुप्रिया सुले, थमिझाची थंगापांडियन, मीसा भारती, महुआ माजी और अन्य ने संसद भवन परिसर में एलपीजी आपूर्ति के मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन किया।

# देश यह जानना चाहता है कि हमारे पास ऊर्जा संसाधनों का कितना भंडार उपलब्ध है : कुमारी सैलजा

चंडीगढ़ (आरएनएस)। सिरसा की सांसद, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव कुमारी सैलजा ने प्रधानमंत्री के भाषण पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि देश इस समय एक गंभीर अंतरराष्ट्रीय संकट से गुजर रहा है, ऐसे में सरकार से ठोस और स्पष्ट रणनीति की अपेक्षा थी, लेकिन लंबे भाषण के बावजूद आम जनता से जुड़े महत्वपूर्ण सवालों के जवाब नहीं मिल पाए। उन्होंने कहा कि देश यह जानना चाहता है कि हमारे पास ऊर्जा संसाधनों का कितना भंडार उपलब्ध है और वह कितने दिनों तक चलेगा। सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए था कि रणनीतिक रिजर्व की स्थिति क्या है और भविष्य में आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए किन देशों के साथ क्या बातचीत चल रही है। इस तरह की पारदर्शिता से ही जनता में विश्वास पैदा होता है। कुमारी सैलजा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशेषकर अमेरिका के साथ भारत के संबंधों और संभावित समझौतों पर भी सरकार को स्पष्ट रुख रखना चाहिए था। रूस से तेल आयात जारी रहेगा या नहीं, अमेरिका की ओर से दी गई किसी छूट की अवधि क्या है और आगे उसकी क्या दिशा होगी,

# देश में एकता एवं निस्वार्थ सेवा हेतु संघ कार्य : अतुल लिमये

चंडीगढ़ (आरएनएस)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चंडीगढ़ की और से एक प्रमुख नागरिक गोष्ठी का आयोजन ,टैगोर थिएटर सेक्टर 18, चंडीगढ़ में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के नाते श्री अतुल लिमये, सह सरकार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का रहना हुआ। अतुल जी ने संघ की अब तक की क्या यात्रा रही एवं संघ के आगामी लक्ष्य क्या हैं, इसकी जानकारी दी। अतुल जी ने बताया कि संघ का प्रमुख लक्ष्य देश में एकता के भाव का और संपूर्ण समाज की निस्वार्थ सेवा करने के भाव निर्माण करने है। संघ व्यक्ति निर्माण के कार्य में गत 100 वर्षों से सतत कार्य कर रहा है, किन्तु अभी भी हम प्रत्येक बस्ती एवं मंडल तक नहीं पहुंचे हैं, उसके लिए और अधिक शक्ति से प्रयास करने की आवश्यकता है।

इसके बाद कार्यक्रम में आए प्रमुख नागरिकों ने कुछ प्रश्न भी किए जैसे धर्मांतरण के विषय, नशे को लेकर, ब्रेन ड्रेन, संघ में महिलाओं की भूमिका आदि, जिनका अतुल जी ने विस्तार पूर्वक उत्तर दिया। कार्यक्रम में चंडीगढ़ विभाग से लगभग 1000 प्रमुख नागरिकों ने इसमें भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के नाते सरदार हरनेश सिंह गिल, सेवानिवृत्त न्यायाधीश पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय चंडीगढ़ रहे। सरदार हरनेश जी ने संघ के निस्वार्थ कार्य की सराहना की और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। सरदार हरनेश जी ने पंजाब में बढ़ते नशे के लिए गहरी चिंता जताई एवं संघ से भी इस विषय पर और अधिक कार्य करने की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम में मंच पर सरदार इकबाल सिंह माननीय प्रान्त संघचालक पंजाब प्रान्त भी उपस्थित रहे एवं चंडीगढ़ के माननीय विभाग संघचालक श्री त्रिलोकी नाथ गोयल जी भी रहे।

# 16 आरडीएक्स आईईडी लगाए हैं, दिल्ली विधानसभा को फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी भरा मैसेज भेजा गया है। इसमें कहा गया है कि दिल्ली विधानसभा में 16 आरडीएक्स आईईडी लगाए हैं। धमकी के बाद दिल्ली पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने बताया, ईमेल में दावा किया गया है कि दिल्ली विधानसभा में बम लगाए गए हैं और दोपहर 1:40 बजे धमाका करने की योजना है। मेल भेजने वाला खुद को कोयंबटूर का बताता है और कहता है कि वह और उसके साथी पहले एक राजनीतिक पार्टी (डीएमके) के समर्थक थे। लेकिन अब वे खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। पुलिस के अनुसार, धमकी देने वालों ने अपने मैसेज में कहा है कि जिन नेताओं को उन्होंने सपोर्ट किया, उन्हें ही बाद में गिरफ्तार करवा दिया गया। वे यह भी कहते हैं कि जब उन्होंने इस बात को सामने लाने की कोशिश की, तो मीडिया और अदालतों से उन्हें कोई मदद नहीं मिली।



बिहार के रा%यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात की।



दिल्ली के उपरा%यपाल तरनजीत सिंह संधू ने नई दिल्ली स्थित लोक निवास में विश्व बैंक के उपाध्यक्ष जोहान्स जुट से मुलाक़ात की।


# आईडीएफसी बैंक के बाद अब हरियाणा में एक और घोटाला, कोटक महिंद्रा बैंक पर आरोप, 160 करोड़ रुपये गायब

पंचकूला (आरएनएस)। हरियाणा में बैंकिंग घोटालों की श्रृंखला थमने का नाम नहीं ले रही है। में 590 करोड़ रुपये के घोटाले के बाद अब की पंचकूला सेक्टर-11 शाखा में करीब 160 करोड़ रुपये के गबन का मामला सामने आया है। यह राशि पंचकूला नगर निगम की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, नगर निगम ने इस शाखा में कुल 16 फिक्स्ड डिपॉजिट (स्नष्ठ) करवाई थीं, जिन्हें पहले एसबीआई से ट्रांसफर किया गया था। हाल ही में जब इन एफडी की मैच्योरिटी पर रकम वापस लेने के लिए बैंक को पत्र भेजा गया, तो बैंक ने संबंधित एफडी का कोई रिकॉर्ड होने से इनकार कर दिया। इस खुलासे के बाद नगर निगम में हड़कंप मच गया और तत्काल आंतरिक जांच शुरू की गई। अकाउंट अधिकारियों, कमिश्नर और ज्वाइंट कमिश्नर की टीम ने दस्तावेजों की जांच कर रिपोर्ट सरकार और बैंक प्रबंधन को सौंप दी है।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अतिरिक्त खाते खोले गए और एफडी की राशि को इन खातों में ट्रांसफर कर दिया गया। आशंका है कि बड़ी रकम एक महिला के खाते में भी भेजी गई, जिसके परिवार में कुछ वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी शामिल बताए जा रहे हैं। इसके अलावा, पैसा शेल कंपनियों के खातों में जमा किए जाने की भी बात सामने आई है। घोटाले को छिपाने के लिए कथित तौर पर एफडी के रिन्यूअल से जुड़े दस्तावेज नियमित रूप से नगर निगम को भेजे जाते रहे, जिससे अधिकारियों को लंबे समय तक संदेह नहीं हुआ। लेकिन हालिया बैंक घोटालों के बाद जब रकम वापस मांगी गई, तब यह मामला उजागर हुआ। जांच में यह भी सामने आया कि बैंक द्वारा जारी किए गए स्टेटमेंट फर्जी थे। नगर निगम ने 58 करोड़ और 102 करोड़ रुपये की एफडी की मैच्योरिटी राशि ट्रांसफर करने का अनुरोध किया था, लेकिन वास्तविक खाते में पैसा नहीं पहुंचा। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस के आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ को जांच सौंपी गई है। विजिलेंस विभाग ने भी केस दर्ज कर लिया है और बैंक कर्मचारियों सहित अन्य संदिग्धों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बैंक प्रबंधन ने भी अलग से शिकायत दर्ज कराई है।

गौरतलब है कि इससे पहले पंचकूला नगर निगम के करोड़ों रुपये के घोटाले सामने आ चुके हैं।



एक्टर और राजनेता विजय, उनकी पत्नी संगीता और तृषा कृष्णन के बीच कथित रिश्तों को लेकर इन दिनों काफी चर्चा है। इसी विवाद के बीच, जयम रवि की अलग रह रही पत्नी आरती रवि ने इंस्टाग्राम पर एक रहस्यमयी पोस्ट शेयर की है, जिसे लोग इस पूरे मामले से जोड़कर देख रहे हैं। आरती ने अपनी पोस्ट में इस बात पर हैरानी जताई है कि जब पिछले साल जयम रवि और केनिशा फ्रांसिस के साथ जुड़े विवाद सामने आए थे, तब उन्हें वैसा समर्थन क्यों नहीं मिला जैसा आज अन्य महिलाओं को मिल रहा है।

## मल्लिका शेरावत की धमाकेदार वापसी, करण जौहर के शो द ट्रेटर्स इंडिया सीजन 2 में एंट्री

द ट्रेटर्स इंडिया सीजन 2 अब और भी ग्लैमरस होने वाला है। खबर है कि इस बार शो में बॉलीवुड की बोल्ड अभिनेत्री मल्लिका शेरावत भी अपनी चालें चलती नजर आएंगी। जैसलमेर के रेतीले धोरों के बीच शुरू हुई इस शो की शूटिंग और मल्लिका की एंट्री ने दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ा दी है। मल्लिका पहले भी रियलिटी शोज में धमाल मचा चुकी हैं और अब एक बार फिर वो दर्शकों का दिल जीतने आ रही हैं।

द ट्रेटर्स इंडिया 2 की शूटिंग जैसलमेर में शुरू हो गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, मल्लिका शो से जुड़ गई हैं और शूटिंग का हिस्सा बन चुकी हैं। पिछले महीने से मीडिया में मल्लिका के शो में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही थीं। अब साफ हो गया है कि वो इस धोखे और सस्पेंस से भरे गेम का हिस्सा होंगी। पिछले दिनों खबर आई थी कि शो के होस्ट करण जौहर शूटिंग के लिए जैसलमेर पहुंच चुके हैं।

लंबे समय से विदेश में रह रहीं मल्लिका एक बार फिर भारतीय स्क्रीन पर छाने के लिए तैयार हैं। पिछली बार उन्हें साल 2024 में आई फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में देखा गया था। मल्लिका, जिन्होंने फिल्म मर्डर में अपने बोल्ड अवतार से रातों-रात शोहरत हासिल की थी, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी एक बड़ा नाम हैं। वो मशहूर पॉप आइकन ब्रूनो मार्स के साथ म्यूजिक वीडियो वॉट अ मैन में भी नजर आ चुकी हैं।



मल्लिका साल 2013 में अपने रियलिटी शो द बैचलरेट इंडिया: मेरे खयालों की मल्लिका में नजर आई थीं, जहां उन्होंने अपना जीवनसाथी तलाशने की कोशिश की थी। वो नच बलिये और बिग बॉस जैसे शोज में भी बतौर मेहमान अपनी मौजूदगी दर्ज करा चुकी हैं।

धुरंधर 2 के आगे उस्ताद भगत सिंह का हुआ बंटाधार, चार दिनों में बजट भी नहीं वसूल पाई फिल्म उस्ताद भगत सिंह ने सिनेमाघरों में 19 मार्च को उगादी के मौके पर दस्तक दी थी. इस एक्शन-कॉमेडी फिल्म का क्लैश रणवीर सिंह की धुरंधर 2 से हुआ. रिलीज के पहले दिन तो पवन कल्याण की स्टार पावर के दम पर इस फिल्म ने धमाकेदार ओपनिंग की लेकिन दूसरे ही दिन ये पटरी से उतर गई और

धुरंधर 2 के आगे ये चारो खाने चित्त हो गई. यहां तक कि ओपनिंग वीकेंड में भी ये कमाल नहीं कर पाई, जानते हैं उस्ताद भगत सिंह ने रिलीज के चौथे दिन यानी संडे को कितना कलेक्शन किया है?

उस्ताद भगत सिंह पवन कल्याण की मच अवेटेड फिल्म थी. धुरंधर 2 से क्लैश के बवाजूद इसने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर शुरुआत तो अच्छी की, लेकिन अगले दिन ही बाजी पलट गई और उस्ताद भगत सिंह सिंगल डिजिट में सिमटती नजर आई. शुक्रवार को बड़ी गिरावट के बाद, शनिवार को इसमें बड़ी उछाल की उम्मीद थी, लेकिन हैरानी की बात यह है कि इसमें कोई खास बढ़त देखने को नहीं मिली और इसका कलेक्शन 10 करोड़ के आंकड़े से नीचे ही रहा.वहीं धुरंधर 2 ने रिलीज के चार दिन में बॉक्स ऑफिस लूट लिया

## अजय देवगन भूतों की दुनिया से कराएंगे रूबरू, अगली फिल्म पर आया ये अपडेट

अजय देवगन ने एक बार फिर हॉरर जॉनर की तरफ वापसी करने की योजना बनाई है। एक ओर, जहां उनकी आगामी फिल्मों दृश्यम 3 और गोलमाल 5 का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसी दौरान उनकी नई फिल्मों ने फैंस को उत्साहित कर दिया है, क्योंकि अभिनेता फिर से भूतों की दुनिया में लौटेंगे। यह परियोजना इसलिए बेहद खास होगी क्योंकि फिल्म भूत (2003) और काल (2005) के बाद, अजय को दोबारा हॉरर फिल्म में देखा जाएगा।

के मुताबिक, अभिनेता ने हॉरर फिल्म के लिए सरदारजी फ्रैंचाइजी के निर्देशक रोहित जुगराज के साथ हाथ मिलाया है। कुमार मंगत द्वारा निर्मित इसे एक हाई कॉन्सेप्ट के रूप में तैयार किया जा रहा है।

## धुरंधर 2: सतिंदर सरताज के साथ गाने पर जैस्मिन सैंडलस बोलीं- ये मेरे लिए सपने जैसा

रणवीर सिंह की हालिया रिलीज फिल्म धुरंधर 2 के चर्चे इस वक्त चारों दिशाओं में फैले हैं। फिल्म के साथ-साथ इसके गानों को भी दर्शकों की बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलती दिखाई दे रही है। हाल ही में, पार्श्व गायिका जैस्मिन सैंडलस ने इसमें गाए गए अपने गाने जाइए सजना पर बात की जिसमें उनका साथ सतिंदर सरताज ने दिया है। गायिका ने बताया कि सरताज के साथ गाना उनके लिए सपने के सच होने जैसा रहा है।

जैस्मिन ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया है जो जाइए सजना गाने के लॉन्च इवेंट का है। उन्होंने गायक सरताज की तारीफ करते हुए अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की और लिखा, एकमात्र सतिंदरसरताज के साथ काम करना मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है। मैं उनकी बहुत बड़ी प्रशंसक हूं और उनके संगीत की दीवानी हूं। मेरी मां बहुत खुश हैं और यही मेरी सबसे बड़ी जीत है।

सरताज, पंजाबी इंडस्ट्री के लोकप्रिय गायक, गीतकार, कवि और अभिनेता हैं। पंजाबी सूफी और लोकगीत में उन्होंने खास पहचान बनाई है। उनका अब तक का सुपरहिट ट्रैक साई है। इसके अलावा, उन्होंने उदारियां, मासूमियत और इक्को मिक्के जैसे



चर्चित गाने भी गाए हैं। सरताज अभिनय की दुनिया में भी कदम रख चुके हैं। 2017 में आई हॉलीवुड फिल्म द ब्लैक प्रिंस से उन्होंने अपना डेब्यू किया था। फिलहाल वह धुरंधर 2 के जाइए सजना गाने से चर्चा में हैं।

'सुंदर पूनम' की पहली झलक आई सामने, रहस्यमयी किरदार में दिखीं सान्या मल्होत्रा; प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी फिल्म

फिल्म 'सुंदर पूनम' के फर्स्ट लुक में सान्या मल्होत्रा दुल्हन के जोड़े में नजर आईं। फर्स्ट लुक देखकर लगता है कि वह कोई आम दुल्हन नहीं है, उनके किरदार में कई परतें हैं। फर्स्ट लुक से लगता है कि फिल्म 'सुंदर पूनम' अपने स्टोरी से दर्शकों को चौंका देगी, इसमें थ्रिलर, सस्पेंस की डोज मिलेगी। 'सुंदर पूनम' के फर्स्ट लुक में सान्या मल्होत्रा दुल्हन बन है, उसका फोन लगातार बज रहा है।

## भूत बंगला के नए गाने तू ही दसदा का टीजर रिलीज, अक्षय-वामिका की रोमांटिक केमिस्ट्री ने बढ़ाई उत्सुकता

अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की आने वाली हॉरर-कॉमेडी फिल्म भूत बंगला इन दिनों खूब सुर्खियों में है. फिल्म के टीजर रिलीज के बाद से हर कोई इसका बेसब्री से इंतजार कर रहा है. फिल्म में दिखाई गई कॉमेडी और रोमांच ने हर किसी का दिल जीत लिया है. खास बात ये है कि इस फिल्म से अक्षय और प्रियदर्शन करीब 14 साल बाद बड़े पर्दे पर साथ आ रहे है. इसी बीच फिल्म का एक और गाना तू ही दिसदा का टीजर रिलीज हो चुका है. फिल्म का नया रोमांटिक गाना तू ही दिसदा का टीजर हाल ही में रिलीज हुआ और फैंस का दिल जीत लिया है. इसमें अक्षय कुमार और वामिका गब्बी की रोमांटिक केमिस्ट्री नजर आ रही है. गाने को झरनों, घने 1जंगलों और खूबसूरत पहाड़ों में शूट किया गया हैं, जो इसे और भी रोमांटिक बनाते हैं. खास बात ये है कि इस गाने को अरिजीत सिंह ने निखिता गांधी के साथ मिलकर गाया है, जो इस लव ट्रैक को और शानदार बना रही है. इससे पहले फिल्म का पहला गाना राम जी आके भला करेंगे भी सुपरहिट रहा था, जिसने दर्शकों को खूब एंटरटेन किया. सोशल मीडिया पर टीजर के आते ही फैंस इस गाने को सुनने के लिए बेताब हो रहे है, जो आज 24 मार्च को रिलीज होगा. बता दें, भूत बंगला में अक्षय और वामिका के अलावा परेश रावल, गोवर्धन असरानी, राजपाल यादव और तब्बू जैसे कलाकारों की मौजूदगी ने फिल्म के क्रेज को और बढ़ा दिया है. एकता कपूर के बालाजी मोशन पिक्चर्स और केप ऑफ गुड फिल्म्स के बैनर तले इस फिल्म को बनाया गया है. प्रियदर्शन की ओर से निर्देशित इस फिल्म के प्रोड्यूसर अक्षय कुमार, शोभा कपूर और एकता आर. कपूर हैं. इससे पहले भी अक्षय और प्रियदर्शन की जोड़ी ने दर्शकों को खूब हंसाया था, जिसमें भूल भुलैया और हेरा फेरी जैसी सुपरहिट फिल्में शामिल है.

## धुरंधर: द रिवेंज बॉक्स ऑफिस: 4 दिन में कमाई 750 के करोड़ के पार, पठान, गदर 2 समेत इन फिल्मों का टूटा रिकॉर्ड

धुरंधर: द रिवेंज ने बॉक्स ऑफिस पर अपना कब्जा जमा रखा है. रणवीर सिंह, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, आर. माधवन, सारा अर्जुन और राकेश बेदी स्टार स्पाई एक्शन थ्रिलर फिल्म धुरंधर: द रिवेंज ने अपनी रिलीज के चार दिन पूरे कर लिए हैं. धुरंधर: द रिवेंज बीती 19 मार्च को रिलीज हुई थी और 18 मार्च को फिल्म के पेड प्रीव्यू हुए थे. जब से धुरंधर: द रिवेंज थिएटर पर लगी है, दर्शकों की भीड़ छंटने का नाम नहीं ले रही है. धुरंधर: द रिवेंज बॉक्स ऑफिस पर दोनों हाथों को भरकर पैसा कमा रही है. धुरंधर: द रिवेंज कमाई के साथ-साथ कमाई के कई रिकॉर्ड तोड़ नए-नए कीर्तिमान भी रच रही है. चलिए जानते हैं धुरंधर: द रिवेंज ने अपना पहला वीकेंड पूरा कर लिया है. चलिए जानते हैं धुरंधर: द रिवेंज ने पहले वीकेंड और चौथे दिन कितना कलेक्शन किया है.

मेकर्स ने धुरंधरक 2 की कमाई का ऑफिशियल आंकड़ा शेयर कर दिया है. पेड प्रीव्यू और ओपनिंग डे को मिलाकर धुरंधर: द रिवेंज ने 145 करोड़ रुपये, दूसरे दिन 83 करोड़ रुपये, तीसरे दिन 117 करोड़ रुपये, और चौथे दिन (पहले रविवार) 121 करोड़ रुपये कमाए हैं. इसी के साथ पेड प्रीव्यू को मिलाकर धुरंधर: द रिवेंज का भारत में कुल नेट कलेक्शन 466 करोड़ रुपये, ग्रॉस घरेलू कलेक्शन 550 करोड़ रुपये, ओवरसीज में 211 करोड़ रुपये और वर्ल्डवाइड तकरीबन 761 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन हो चुका है. अपने पहले वीकेंड में धुरंधर: द रिवेंज ने शाहरुख खान की पठान (287 करोड़ रुपये) को पछाड़ दिया है. धुरंधर: द रिवेंज ने अपने वर्ल्डवाइड कलेक्शन से गदर 2 (691 करोड़ रुपये) और सालार (690 करोड़ रुपये) का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. धुरंधर: द रिवेंज ने अपने पहली वीकेंड में ओवरसीज में 22 मिलियन डॉलर का कारोबार किया है. इसमें नॉर्थ अमेरिका में अकेले 9.6 मिलियन डॉलर कमाए हैं.

धुरंधर: द रिवेंज इंडियन सिनेमा की दूसरी सबसे बड़ी ओपनिंग वीकेंड फिल्म बन गई है. पहले नंबर पर अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 (762 करोड़ रुपये) है. अपनी पहले वीकेंड की कमाई से धुरंधर: द रिवेंज ने बाहुबली 2 (591 करोड़ रुपये), कल्कि 2898 एडी (500 करोड़ रुपये) और आरआरआर (470 करोड़ रुपये) का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. धुरंधर: द रिवेंज अपने पहले हफ्ते 1000 करोड़ रुपये का कलेक्शन करने जा रही है. अब धुरंधर: द रिवेंज की नजर पीके, छावा, स्त्री 2 जैसी फिल्मों के रिकॉर्ड पर है. कहा जा रहा है कि धुरंधर: द रिवेंज वर्ल्डवाइड 2000 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर सकती है.

आदित्य धर के निर्देशन में बनी धुरंधर: द रिवेंज बीती 5 दिसंबर को रिलीज हुई धुरंधर का सीक्वल है.धुरंधर ने वर्ल्डवाइड 1300 करोड़ रुपये से ज्यादा का बिजनेस किया था.

## गर्मी से बचे रहने के लिए गद्दे को इन तरीकों से रखें ठंडा, आएगी अच्छी नींद



गर्मियों में गद्दे भी गर्म हो जाते हैं, जिस वजह से अच्छी नींद नहीं मिल पाती है। जब गद्दा गर्म होता है तो सोते समय पसीना आना और असुविधा होना आम बात है। यह परेशानी खासकर उत्तर भारत में देखने को मिलती है, जहां गर्मी की लहर काफी तेज होती है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे असरदार तरीके बताएंगे, जिन्हें अपनाकर आप अपने गद्दे को ठंडा रख सकते हैं और गर्मियों में आरामदायक नींद ले सकते हैं।

ठंडा करने वाले पैड का करें इस्तेमाल

ठंडा करने वाले पैड गद्दे को ठंडा रखने का बेहतरीन तरीका है। ये पैड खासतौर पर गर्मियों के लिए बने होते हैं और इनमें ऐसी तकनीक होती है, जो शरीर की गर्मी को सोखती है। इन्हें अपने गद्दे पर बिछाकर आप आसानी से आरामदायक नींद ले सकते हैं। इन्हें साफ करना भी आसान होता है और ये लंबे समय तक टिके रहते हैं। ठंडा करने वाले पैड का उपयोग करके आप गर्मियों में भी सुकून की नींद ले सकते हैं।

सूती चादर का करें उपयोग

गर्मियों में सूती चादर का उपयोग करना बहुत फायदेमंद होता है। सूती कपड़ा त्वचा को सांस लेने देता है और पसीना सोख लेता है, जिससे आप ठंडा महसूस करते हैं। हमेशा अपने गद्दे पर सूती चादर बिछाएं, ताकि सोते समय आपकी त्वचा को हवा मिलती रहे और आप पसीने से बच सकें। सूती चादर न केवल आरामदायक होती है, बल्कि इन्हें धोना भी आसान होता है और ये लंबे समय तक नई जैसी रहती हैं।

एसी लगवाएं

अगर आपके पास ठंडी हवा देने वाला यंत्र यानि एसी है तो उसका सही तरीके से इस्तेमाल करें। दिन में जब धूप तेज होती है तो पर्दे बंद रखें, ताकि कमरे में गर्मी न आए। रात को सोते समय एसी चालू रखें और कमरे की हवा को ताजा रखने के लिए खिड़की खोलें। इसके अलावा नियमित रूप से अपने यंत्र की सफाई करें, ताकि वे सही तरीके से काम करें और ज्यादा बिजली न खपत करें।

गद्दे को धूप में रखें

गद्दे को धूप में रखना एक पुराना, लेकिन असरदार तरीका है। हफ्ते में कम से कम एक बार अपने गद्दे को धूप दिखाएं, ताकि उसमें से नमी और बैक्टीरिया दूर हो सकें। धूप में रखने से गद्दा ताजगी महसूस कराता है और उसकी बदबू भी दूर हो जाती है। इसके अलावा धूप में रखने से गद्दे की उम्र भी बढ़ती है और वह लंबे समय तक अच्छा बना रहता है। यह तरीका बहुत ही सरल और प्रभावी है।

गद्दे को पलटते रहें

गद्दे को समय-समय पर पलटते रहना जरूरी होता है, ताकि उसका आकार सही बना रहे और वह आरामदायक बना रहे। अगर एक ही तरफ सोते रहेंगे तो उस तरफ का हिस्सा दब जाएगा और बाकी हिस्सा नया रहेगा। इसलिए, हर महीने कम से कम एक बार गद्दे को पलटना चाहिए। इन तरीकों को अपनाकर आप अपने गद्दे को गर्मियों में ठंडा रख सकते हैं और आरामदायक नींद ले सकते हैं।

## गर्मियों के दौरान फोन को गर्म होने से बचाने के लिए अपना सकते हैं ये टिप्स

गर्मियों में अक्सर मोबाइल फोन गर्म हो जाते हैं, जिससे उनके खराब होने का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा गर्म फोन का इस्तेमाल करने से त्वचा में जलन और झुलसन जैसी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताने जा रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप अपने फोन को गर्म होने से रोक सकते हैं और सुरक्षित तरीके से फोन का इस्तेमाल कर सकते हैं।



फोन को गर्मी से बचाएं

गर्मी के मौसम में फोन को गर्म सतहों पर रखने से बचें, क्योंकि इससे फोन की बैटरी पर बुरा असर पड़ सकता है। इसके अलावा फोन को गर्म माहौल में रखने से भी यह गर्म हो सकता है। इसलिए, फोन को ऐसी जगह पर रखें, जहां हवा अच्छे से चलती हो। साथ ही, फोन को गाड़ी के डैशबोर्ड पर न रखें, क्योंकि वहां की गर्मी भी फोन को प्रभावित कर सकती है।

फोन का इस्तेमाल करते समय रखें ध्यान

फोन का इस्तेमाल करते समय सावधानी बरतना जरूरी है। अगर आप लंबे समय तक वीडियो देख रहे हैं या खेल रहे हैं तो बीच-बीच में रुकें और फोन को आराम दें। इससे फोन बहुत ज्यादा गर्म नहीं होगा और उसके खराब होने का डर भी नहीं रहेगा। इसके अलावा फोन को चार्जिंग पर लगाने के बाद उसे तुरंत न चलाएं या चार्ज करते हुए इस्तेमाल न करें, क्योंकि इससे भी फोन गर्म हो सकता है।

फोन को चार्ज करते समय रखें ध्यान

फोन को चार्ज करते समय कुछ छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखें, जिससे आपके फोन के गर्म होने की संभावना कम हो सकती है। फोन को चार्ज करते समय उसे कवर से ढककर न रखें, क्योंकि इससे फोन जल्दी गर्म हो जाता है। इसके अलावा फोन को चार्जिंग पर लगाने के बाद उसे ऐसे स्थान पर न रखें, जहां सीधी धूप आती हो। जब फोन चार्ज हो रहा हो तो उसे इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

फोन का केस हटाकर रखें

अगर आपके फोन की बैटरी फूल गई है या खराब हो गई है तो उसे निकालकर रखें। फोन के अंदरूनी हिस्से में अधिक गर्मी जमा होने से बैटरी खराब हो सकती है। इसके अलावा फोन के केस को हटाकर भी फोन को आराम दें। इससे फोन की बैटरी को ठंडा होने का मौका मिलता है और फोन में जमा गर्मी बाहर निकल जाती है। आपको फोन पर बहुत मोटे कवर लगाने से भी बचना चाहिए। अगर आपको लगता है कि आपके फोन में ज्यादा गर्मी आ रही है तो उसे तुरंत बंद कर दें और किसी सेवा केंद्र पर लेकर जाएं। फोन का अधिक गर्म होना खराब होने का संकेत हो सकता है।

## शब्द सामर्थ्य -352


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 351 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | | पा | व | क | | बे | ल |
| | र | ज | नी | च | र | | | दद्दू |
| मु | स्का | न | | न | म | की | न | |
| सा | र | | स | | | ट | ख | ना |
| फि | | अ | जा | य | ब | | रा | जा |
| र | च | ना | | था | ल | | | य |
| | | धि | | र्ध | | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | | आ | वा | ज | |
| ल्लू | | त | | | ब | ल | रा | म |




जबलपुर- थाना प्रभारी गोहलपुर रीतेश पाण्डे ने बताया कि रात क्राईम ब्रांच को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक उम्र लगभग 20-30 युवक जो सफेद रंग का लोवर एवं सफेद रंग की टीशर्ट पहने है अपने पास अवैध रूप से देशी पिस्टल रखे कोई अपराध करने की नियत से एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल तमरहाई मैदान मंदिर के पास खड़ा है, सूचना पर थाना एवं क्राईम ब्रांच की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जहां मुखबिर के बताये हुलिये का युवक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया



पूज्य जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी की विलक्षण स्मृति, दिव्य ज्ञान और ओजस्वी वाणी से नौ दिनों प्रवाहित होगा रामरस-समरसता सेवा संगठन द्वारा आयोजित श्रीराम कथा की आयोजन एवं स्वागत समिति की बैठक में तैयारियो पर हुई चर्चा

# संस्कारधानी की गरिमा के अनुरूप भव्य और दिव्य होंगी श्रीराम कथा







जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भगवान श्रीराम की कथा जब तुलसीपीठाधीश्वर परम पूज्य जगद्गुरु रामनान्दाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य जी के श्रीमुख से हो तब सनातन गौरव, राष्ट्रबोध और भक्ति का अद्भुत अनुभव हमें मिलता है और निश्चित रूप से आगामी 5 अप्रेल से होने वाली श्रीराम कथा संस्कराधानी की गरिमा के अनुरूप भव्य और दिव्य होंगी ऐसा हम सभी का विश्वास है, यह बात वरिष्ठ समाजसेवी उद्योगपति श्री कैलाश गुप्ता ने समरसता सेवा संगठन के तत्वाधान में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की जीवन गाथा पर नौ दिवसीय श्रीराम कथा की आयोजन एवं स्वागत समिति की बैठक के अवसर पर शास्त्री ब्रिज स्थित कार्यालय में कही।

उल्लेखनीय है कि समरसता सेवा संगठन के तत्वाधान में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की जीवन गाथा पर नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन आगामी 5 अप्रेल से 13 अप्रेल तक माँ नर्मदा तट गौरीघाट स्थित आयुर्वेदिक कॉलेज मैदान में होने जा रहा है, इसलिए सन्दर्भ में कार्यक्रम की आयोजन समिति एवं स्वागत समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमे उपस्थित गणमान्य जनों ने आयोजन को लेकर विचार व्यक्त करते हुए महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

आयोजन एवं स्वागत समिति के सदस्यों ने एक स्वर में श्रीराम कथा के आयोजन को भव्य, एतेहासिक और सफल होने की बात करते हुए अपनी सहभागिता और योगदान का आस्वासन दिया।

समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष श्री संदीप जैन ने कहा विगत 3 वर्ष पूर्व पूज्य जगद्गुरु रामनान्दाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य जी के कर कमलों से ही समरसता सेवा संगठन का बीज रोंपा गया था जो आप सभी के सहयोग और सहभागिता से आज सभी के साथ मिलकर कार्य कर रहा है और समरस समाज की स्थापना के लिए जिस उदेश्य को लेकर हम चले है उसमे संस्कारधानी के सर्व समाज और गणमान्य जनो का सहयोग मिलता रहा है, पुन: हम सभी के लिए गौरव का अवसर है जब जबलपुर में कई वर्षो के बाद पूज्य स्वामी रामभद्राचार्य जी के श्रीमुख से श्रीराम कथा होने जा रही है, और हर आयोजन की तरह इस आयोजन में भी आप सभी के सहयोग से हम भगवान श्रीराम की कथा के सफल कार्यक्रम को करेंगे ऐसा हम सभी का विश्वास है।

आयोजन एवं स्वागत समिति - श्रीराम कथा हेतु आयोजन एवं स्वागत समिति का गठन सभी की सहमति से किया गया जिसमे स्वागत समिति संयोजक श्री गुलशन मखीजा, आयोजन समिति अध्यक्ष डॉ जितेंद्र जामदार एवं आयोजन समिति सचिव श्री अखिल मिश्रा को बनाया गया है।

कथा स्थल पूजन 28 मार्च - श्रीराम कथा आयोजन के कथा स्थल का भूमिपूजन पूज्य संतो के सानिध्य में शनिवार 28 मार्च को दोपहर 12 बजे आयुर्वेद कॉलेज मैदान गौरीघाट में किया जायेगा।

बैठक में सर्वश्री कैलाश गुप्ता, डॉ जितेन्द्र जामदार, पं रोहित दुबे, शरदभाई पालन, रवि गुप्ता, पं ब्रजेश दीक्षित, प्रकाश मालपानी सतीश राय, कैलाश अग्रवाल बब्बा जी, श्याम साहनी, सुब्रत पाल, सरदार राजेंद्र सिंह छाबड़ा, गिरिराज चाचा, लेखराज सिंह मुन्ना, प्रो. आशुतोष दुबे, तारु खत्री, एनपी झारिया, मनीष खरे, अभय जैन, नरेश ग्रोवर, प्रकाश साहा, विजय भावे, एड जीपी सिंह, राजेश पाठक प्रवीण, शरद काबरा, डॉ सुनील मिश्रा, आलोक पाठक, ओंकार दुबे, प्रमोद पंडा, संतोष नेमा, सुधीर बुधरानी, शरद काल्वे,सुनील फाटक, पदमाकर तलवारे, विनय केसरवानी, रामबाबू विश्वकर्मा, एड सत्येंद ज्योतिषी, प्रदीप चौकसे, कमलेश नाहटा, भीमलाल गुप्ता, नारायण प्रसाद सेन, रामजी अग्रवाल, भोला राय, प्रदीप चौहान, श्रीराम शुक्ला, काके आंनद, विधवेश भापकर, निखिल अग्रवाल, विजय नेमा, दीपक पचौरी ने उपस्थित होकर सुझाव दिए।

## दस हजार भक्तों के साथ निकलेंगे माँ खेरमाई माता मंदिर के जवारे





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। कजरवारा माँ खेरमाई सिद्धेश्वरी दुर्गा माता मंदिर में चैत्र नवरात्र में 09 दिवसीय भक्तिमय कार्यक्रम आयोजित होने के साथ ही कल कजरवारा खेरमाई मंदिर से जवारे प्रारंभ होकर, सिद्धेश्वरी नगर, बजरंग मंदिर बस्ती, भोंगाद्वार, धोबीघाट, अनुराधा कालोनी, से होते हुए मिल्ट्री डेयरी फॉर्म के पास मंदिर में समाप्त होगी , जगह जगह मन्नत वाले ज्वारों का पूजन किया जाएगा। जगह जगह भंडारा, प्रसाद वितरण होगा, माता काली खप्पर के साथ जवारे के साथ भ्रमण करेंगी, खेरमाई माता मंदिर समिति अध्यक्ष नकुल गुप्ता , मूलचंद, राजू पटेल, अटल उपाध्याय, अस्सू ठाकुर, विनोद ,अनिल वाल्मीक, अपूर्व दुबे, विभु शुक्ला, कपूर पटेल, अनिल चौकसे, संतोष यादव, अभय उपाध्याय, मन्तुक पहलवान, डॉक्टर लल्ला चौधरी, मुकेश यादव, चिंटू पाल, ने खेरमाई मंदिर के जवारे के शोभा यात्रा में शामिल हो कर धर्म लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

## समाधान योजना में 25 लाख से अधिक बिजली उपभोक्ताओं ने लिया लाभ

31 मार्च तक एकमुश्त राशि जमा करने पर सरचार्ज में मिलेगी 90 प्रतिशत तक की छूट

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश सरकार की विद्युत समाधान योजना में अब तक 25 लाख 75 हजार बिजली उपभोक्ताओं ने सरचार्ज में छूट का लाभ लिया है। कुल 1231 करोड़ 68 लाख रूपए जमा किए गए हैं, जबकि 420 करोड़ 93 लाख रूपये का सरचार्ज माफ किया गया है।

पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 9 लाख 62 हजार उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ लिया है। कंपनी के खाते में 275 करोड़ 46 लाख रूपये जमा हुए हैं, जबकि 83 करोड़ 77 लाख रूपये का सरचार्ज माफ किया गया है।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 7 लाख 63 हजार बकायादार उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराकर लाभ लिया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के खाते में 701 करोड़ 91 लाख से अधिक की मूल राशि जमा हुई है, जबकि 301 करोड़ 22 लाख रूपए का सरचार्ज माफ किया गया है।

पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 8 लाख 50 हजार उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ लिया है। कंपनी के खाते में 254 करोड़ 31 लाख रूपये जमा हुए हैं, जबकि 35 करोड़ 94 लाख रूपये का सरचार्ज माफ किया गया है।

लाईन परिचारकों की भी सेवा निवृत्त आयु ऊर्जा विभाग सभी के समान 62 बर्ष करें - राकेश डी पी पाठक

## बिजली कंपनियों में सेवानिवृत्त आयु में व्याप्त विसंगति ऊर्जा विभाग दूर करे -राकेश डी पी पाठक



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। ऊर्जा विभाग मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत बिजली कंपनियों में कर्मचारियों की सेवा निवृत्त आयु के अलग-अलग आदेश, नियम है। सभी श्रेणियों के कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए सेवा निवृत्त आयु 62 बर्ष निर्धारित की गई है। वहीं बिजली कंपनियों में कार्यरत कंपनी कैडर लाईन परिचारकों की सेवा निवृत्त आयु 55 बर्ष निर्धारित की गई है। जो कि न्यायोचित नहीं है। इस विसंगति के कारण कंपनी कैडर लाईन परिचारक 55 बर्ष की सेवा आयु पूर्ण कर सेवा निवृत्त हो रहें हैं। उपरोक्त संदर्भ में मध्यप्रदेश विधुत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री जी, ऊर्जा मंत्री जी, अतरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा, सीएमडी पावर मैनेजमेंट कंपनी और सभी बिजली कंपनियों के प्रबंध संचालक गणों से अनुरोध किया है कि आपकी सकारात्मक सोच और संवेदनशील रवैए से बिजली सेक्टर की कंपनियों में ? कर्मचारियों के हित में लगातार कार्य हों रहें हैं, अच्छे निर्णय लिए जा रहे हैं। फेडरेशन इसके लिए आपका आभार व्यक्त करता है। आदरणीय जी किंतु बड़े खेद के साथ आपसे आग्रह है कि बिजली सेक्टर की कंपनियों में आज भी कर्मचारियों के लिए दो अलग-अलग नियम, कानून चल रहे हैं। बिजली कंपनियों में सभी श्रेणियों के कर्मचारियों की सेवा निवृत्त आयु 62 बर्ष निर्धारित की गई है परंतु कंपनी कैडर लाईन परिचारकों को 55 बर्ष में सेवा आयु पूर्ण कर सेवा निवृत्त किया जा रहा है। जो कि संवेदनशील सरकार में न्यायसंगत नहीं है। इस विषय में मध्यप्रदेश विधुत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने फेडरेशन के प्रतिनिधि मंडल के साथ मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक और एम पी पावर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक एवं कार्यपालक निर्देशक मानव संसाधन एवं प्रशासन से भेंटकर निवेदन किया था। और इन श्रेष्ठतम अधिकारियों ने इस विषय पर सकारात्मक सोच के साथ निर्णय लेकर सेवा निवृत्त आयु 62 बर्ष करने की अनुसंशा की थी। फेडरेशन इसके लिए इन श्रेष्ठतम अधिकारियों का आभार व्यक्त करता है। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी और अन्य बिजली कंपनियों ने एक ही संस्थान में दो अलग-अलग नियम की जगह इन कर्मचारियों की भी सेवा निवृत्त आयु 62 बर्ष करने का अनुसंशा सहित प्रस्ताव काफी समय पूर्व ही अनुमोदन के लिए ऊर्जा विभाग को प्रेषित किया था, इसके बावजूद भी आज तक इस प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं मिली है। जिससे इस श्रेणी के कर्मचारियों को 55 बर्ष में ही सेवा निवृत्त किया जा रहा है। इस विसंगति से इस श्रेणी के सभी कर्मचारी साथियों का मनोबल निरंतर गिरता जा रहा है, जो इनके और बिजली सेक्टर की बेहतरी के लिए उपयुक्त नहीं है। उल्लेखनीय है कि यह कर्मचारी गण सीधे उपभोक्ता सेवा से जुड़े रहते हैं। फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक,यू के पाठक, दिनेश दुबे, अनूप वर्मा, उमाशंकर दुबे, सीताराम कुरचानिया, केदारनाथ अग्निहोत्री, श्याम मोहन वर्मा, अवनीश तिवारी, विमल महापात्र, सुधीर मिश्रा, दीपक मेमने, विजय तिवारी, रणजीत सेन,राजेश मिश्रा, आर के चौबे, मोहन श्रीवास, विजय डोंगरे,मोहित पटेल, योगेश पटेल, मनोज पाठक, सतेन्द्र सुहाने, दिनेश गोस्वामी, दिलीप पाठक, अक्षय श्रीवास्तव,बी एम तिवारी सहित फेडरेशन के सभी पदाधिकारियों ने माननीय मुख्यमंत्री जी, ऊर्जा मंत्री जी, अतरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा, सीएमडी, पावर मैनेजमेंट कंपनी एवं सभी बिजली कंपनियों के प्रबंध संचालक गणों से अनुरोध किया है कि सेवा निवृत्त आयु की इस विसंगति को दूर कर बिजली कंपनियों में सभी के लिए एक ही नियम, कानून लागू कर कंपनी कैडर लाईन परिचारकों की सेवा निवृत्त आयु 55 बर्ष से बढ़ाकर सभी के समान 62 बर्ष की जाएं।

## करदाताओं के लिए सुनहरा अवसर, 31 मार्च तक बकाया टैक्स जमा करने पर मिलेगी भारी छूट



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शहर के विकास में सहभागी बनने और अपने बकाया करों के बोझ को कम करने के लिए शासन के निर्देशानुसार नगर निगम ने करदाताओं को एक विशेष अवसर प्रदान किया है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने राजस्व वसूली अभियान की समीक्षा बैठक करते हुए यह स्पष्ट किया है कि जो करदाता 31 मार्च तक अपने बकाया करों का भुगतान करेंगे, उन्हें नियमानुसार विशेष छूट का लाभ दिया जाएगा।

**समय कम, लाभ ज्यादा केवल 5 दिन शेष**

राजस्व विभाग की बैठक में निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इस योजना का लाभ जन-जन तक पहुँचाया जाए। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि अब केवल 5 दिन शेष बचे हैं, अत: अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना जल्द से जल्द अपने करों का भुगतान कर इस वित्तीय छूट का लाभ उठाएं।

**विकास की गति और लक्ष्य निर्धारण**

**पीएम स्वनिधि पर जोर**

बैठक के दौरान निगमायुक्त ने न केवल राजस्व वसूली पर ध्यान केंद्रित किया, बल्कि लोक कल्याणकारी योजनाओं की भी समीक्षा की।

सभी संभागीय अधिकारियों को वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पहले निर्धारित टारगेट को पूरा करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं, साथ ही निगमायुक्त ने %पीएम स्वनिधि योजना% की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को इसमें गति लाने के निर्देश दिए, ताकि शहर के छोटे व्यापारियों और स्ट्रीट वेंडर्स को समय पर आर्थिक सहायता मिल सके।

निगमायुक्त श्री अहिरवार ने बताया कि हमारा उद्देश्य शहर की बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाना है, और इसमें करदाताओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। बकाया राशि पर छूट का यह प्रावधान नागरिकों को राहत देने के लिए है। बैठक में अपर आयुक्त अरविंद शाह, देवेंद्र सिंह चौहान, अशफाक परवेज कुरैशी, वी एन बाजपेई, मनोज श्रीवास्तव, श्रीमती अंजू सिंह, उपायुक्त संभव अयाची, अंकिता जैन सहायक आयुक्त आनंद मिश्रा के साथ सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

समीक्षा बैठक, निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने स्वच्छता अभियान की जमीनी हकीकत परखी; अधिकारियों को दी कार्यप्रणाली सुधारने की हिदायत

## स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों को लेकर निगमायुक्त सख्त, सिटी प्रोफाइल के अनुरुप कार्ययोजना बनाने के निर्देश

डोर टू डोर सुविधा शुल्क की रसीद कटवाने के भी निगमायुक्त ने स्वास्थ्य अमले को दिए निर्देश



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण के मद्देनजर नगर निगम प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने आज स्वच्छता अभियान की व्यापक समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी सर्वेक्षण में बेहतर ग्रेडिंग प्राप्त करने के लिए %सिटी प्रोफाइल% में निर्धारित मापदंडों को ही आधार बनाकर कार्य किया जाए।

सिटी प्रोफाइल पर केंद्रित कार्य

निगमायुक्त ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए तैयार की गई %सिटी प्रोफाइल% के प्रत्येक बिंदु पर डेटा अपडेट और जमीनी सुधार सुनिश्चित किया जाए। दस्तावेजीकरण और प्रत्यक्ष सफाई, दोनों में सामंजस्य होना अनिवार्य है। कचरा प्रबंधन में सुधार डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहनों की निगरानी और गीले-सूखे कचरे के शत-प्रतिशत पृथक्करण पर विशेष बल दिया गया।

फीडबैक तंत्र की मजबूती

शहरवासियों को स्वच्छता अभियान से जोड़ने और उनसे सकारात्मक फीडबैक प्राप्त करने के लिए वार्ड स्तर पर गतिविधियां तेज करने के निर्देश दिए गए।

स्पॉट फाइन और निगरानी

बैठक में प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाने और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों पर कारवाई करने के भी निर्देश दिए गए।

## आदिवासी कन्या छात्रावास राइट टाऊन मे छात्राओं के साथ हुए दुर्व्यवहार और धमकी की म प्र आदिवासी विकास परिषद ने कलेक्टर महोदय से निष्पक्ष जांच की मांग की

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश आदिवासी विकास परिषद के जिला अध्यक्ष राजेंद्र तेकाम में जारी विज्ञप्ति में बताया है कि विगत दिवस आदिवासी कन्या छात्रावास राइट टाउन की सैकड़ो छात्राएं अधीक्षक द्वारा दुर्व्यवहार और उनके चरित्र पर उंगली उठाए जाने के खिलाफ सहायक आयुक्त के पास शिकायत करने पहुंची थीं। लेकिन सहायक आयुक्त ने भी छात्राओं के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया। इसके बाद जांच करने आई टीम ने छात्राओं पर मामले को दबाने का दबाव डाला और धमकी दी कि अगर वे शिकायत करेंगी तो उन्हें छात्रावास से निष्कासित कर दिया जाएगा। ऐसे ही जिले के अन्य छात्रावास मे भी अन्यथाएं पाई गई है परंतु उच्च अधिकारी द्वारा अधीक्षक पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है जिस पर इस बार म प्र आदिवासी विकास परिषद ने इस मामले को आदिवासी छात्राओं के अस्मिता से जोड़कर देखा है अगर छात्राओं को न्याय नही मिला तो और आंदोलन की धमकी दी है।परिषद ने कलेक्टर महोदय जी मांग करता हैं कि प्रशासनिक अधिकारी इस मामले की निष्पक्ष जांच की जाए और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। परिषद के ऐड. शैलेश धुर्वे, राजेन्द्र तेकाम दीपेंद्र मरकाम राम कुमार सैयाम कपिल मार्को धरम मरावी बृजमोहन धुर्वे इंद्रजीत उर्रेती वसत तेकाम उमा उइके अरविंद मार्को अनिल परस्ते महेंद्र मरावी उदय राज मरावी नरेंद्र उइके नरेश मरकाम वीरेंद्र तेकाम महेंद्र ठाकुर अमर सिंह कोल बालकृष्ण उइके




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना बेलखेड़ा में घायल को उपचार हेतु सुविधा अस्पताल लाये जाने की सूचना पर पहुँची पुलिस को अनुभव बहुनिया उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम गुबराकला ने बताया कि वह खेती किसानी करता है सुबह लगभग 9 बजे वह अपनी मोटर सायकल से घर से खेत जाने को निकला था उसी समय ऋषिकांत चौधरी अपनी स्कार्पियो से उसके पीछे हार्न बजाया और काफी तेजी से कट मारते आगे निकल गया था उसने आगे जाकर रोका और कहा कि थोड़ा हमाके संभलने का समय दो ऋषिकांत चौधरी ( अहवासी ) बोला कि अभी समय नहीं है

# फर्नीचर दुकानों में लगी जबर्दस्त आग,फायर ब्रिगेड के 7 वाहनों ने पाया काबू, हुआ बड़ा नुकसान







**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर शहर के आधारताल क्षेत्र में 26 मार्च गुरुवार की सुबह करीब साढ़े चार बजे फर्नीचर दुकानों और एक कारखाने में भीषण आग लग गई. सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं, जहां आग तेजी से फैल चुकी थी.

बताया जाता है कि आग की शुरुआत एक फर्नीचर दुकान और उससे जुड़े कारखाने से हुई, जो आसपास की दुकानों तक फैल गई. साहू फर्नीचर और क्लासिक फर्नीचर समेत कई प्रतिष्ठान इसकी चपेट में आए.

आग की गंभीरता को देखते हुए नगर निगम ने 7 फायर ब्रिगेड और आठ पानी के टैंकर मौके पर भेजे. दमकल कर्मियों ने लगातार प्रयास कर आग को काफी हद तक कंट्रोल किया.

एक दुकान में 10 लाख, अन्य में भारी नुकसान

मौके पर मौजूद एक दुकान संचालक ने करीब 10 लाख रुपए के फर्नीचर जलने का अनुमान बताया. अन्य प्रतिष्ठानों में भी बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है. शुरुआती आकलन में क्लासिक

**फायर ब्रिगेड के 7 वाहनों ने पाया काबू, हुआ बड़ा नुकसान**

फर्नीचर को अकेले करीब एक करोड़ रुपए तक के नुकसान का अनुमान लगाया गया है. दमकल विभाग के मुताबिक समय रहते टीम के पहुंचने से आग को अन्य क्षेत्रों में फैलने से रोका जा सका. घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है. अधिकारियों ने बताया कि जांच के बाद ही आग लगने की वजह स्पष्ट हो सकेगी.

मौके पर मौजूद एक दुकान संचालक ने बताया कि उसके फर्नीचर का करीब 10 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। वहीं, %क्लासिक फर्नीचर% को अकेले लगभग एक करोड़ रुपए तक का नुकसान होने का अनुमान है। फायरमैन राजेश ने बताया कि समय रहते टीम के पहुंचने से आग को अन्य क्षेत्रों में फैलने से रोका जा सका। घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है और अधिकारियों ने बताया कि जांच के बाद ही आग लगने की वजह स्पष्ट हो सकेगी।

## बरगी में बने एडवेंचर पार्क में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर नष्ट

जबलपुर. एमपी के जबलपुर जिले के बरगी थाना क्षेत्र के नागपुर रोड स्थित मानेगांव में बने फनिंगो एडवेंचर एरिना में भीषण आग लग गई. आग शॉर्ट सर्किट के चलते लगना बताया जा रहा है. अग्नि दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची.

दमकल कर्मियों ने तत्काल आग बुझाने का कार्य शुरू किया और कुछ समय में आग पर काबू पा लिया गया. पुलिस के मुताबिक प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट सामने आया है. घटना के समय पार्क में मौजूद लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया. उल्लेखनीय है कि यह पार्क शहर का प्रमुख मनोरंजन स्थल है, जहां विभिन्न एडवेंचर गतिविधियां संचालित होती हैं. फिलहाल इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

# फडिंगो गेम जोन क्लब में मिला कंकाल, लगी थी भीषण आग

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर स्थित बरगी के मानेगांव स्थित फडिंगो गेम जोन क्लब में लगी भीषण आग ने शहर में सनसनी मचा दी, वहीं यहां पर आग पर काबू पाया गया तो जांच के दौरान एक कंकाल मिला है. कंकाल मिलने से एक बार फिर सनसनी फैल गई. कंकाल की अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है, ऐसा माना जा रहा है कि संभवत- क्लब का ही कोई कर्मचारी होगा, जो आग की चपेट में आ गया है. पुलिस अब इस मामले की जांच में जुटी है. पुलिस अधिकारियों के अनुसार बरगी मानेगांव स्थित फंडिगो गेम जोन क्लब में बीती शाम कर्मचारियों द्वारा बेल्डिंग का काम कराया जा रहा था. इस दौरान शार्ट सर्किट से आग लग गई. जिसने कुछ ही पल में विकराल रुप धारण कर लिया. आग देख कर्मचारी सहित अन्य लोग अपनी जान बचाकर बाहर निकल आए. खबर मिलते ही फायर बिग्रेड की गाडियां पहुंच गई, जिन्होने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया. इसके बाद पुलिस ने क्लब के अंदर देखा तो एक युवक का कंकाल जली हुई हालत में मिला.

ऐसा माना जा रहा है कि मृतक क्लब का ही कर्मचारी हो सकता है. घटना के बाद एफएसएल टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए. नर कंकाल का पंचनामा कर उसे मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है. कर्मचारियों से पूछताछ जारी है, लेकिन अब तक कोई ठोस जानकारी नहीं मिली है. मौके पर मिले नर कंकाल का डीएनए टेस्ट करवाया जा रहा है. खबर है कि घटना की खबर मिलते ही क्लब के मालिक वासु गुप्ता को अटैक आ गया, जिन्हे निजी अस्पताल में भरती कराया गया है. वहीं दूसरी ओर पुलिस अब इस बात का पता लगा रही है कि उक्त कंकाल किसका है.

**भाजपा सुभाष चंद्र बोस मंडल की कार्यकारिणी घोषित**

जबलपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल जी के निर्देशानुसार, भाजपा जबलपुर महानगर के जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर के अनुमोदन के पश्चात जबलपुर महानगर अंतर्गत सुभाष चंद्र बोस मंडल के अध्यक्ष श्री अमित राय ने मंडल कार्यकारिणी घोषित की है। जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ जनों ने मंडल के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## ईंधन संकट की अफवाहों पर विराम, कलेक्टर बोले – पर्याप्त स्टॉक, घबराने की जरुरत नहीं



जबलपुर। जिले में पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच प्रशासन ने स्थिति पूरी तरह सामान्य बताई है। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने स्पष्ट किया है कि जिले में सभी आवश्यक ईंधनों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है।

कलेक्टर ने नागरिकों से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से पेट्रोल-डीजल का संग्रह न करें। ड्रम या अन्य बर्तनों में ईंधन भरकर ले जाना प्रतिबंधित किया गया है, क्योंकि इससे वितरण व्यवस्था प्रभावित होती है और अन्य उपभोक्ताओं को परेशानी होती है। प्रशासन के अनुसार, रसोई गैस की सप्लाई बुकिंग सिस्टम के तहत नियमित रूप से हो रही है और पर्याप्त स्टॉक मौजूद है।

उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि वे 25 से 45 दिन की निर्धारित अवधि के अनुसार ही गैस बुकिंग कराएं, ताकि सिस्टम पर अनावश्यक दबाव न पड़े।गैस बुकिंग में ओटीपी आने में हो रही देरी को लेकर भी प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट की है। अधिकारियों का कहना है कि यह समस्या सर्वर पर अधिक लोड के कारण होती है,

किसी तय समय सीमा का इससे संबंध नहीं है। कम भीड़ वाले समय में बुकिंग करना अधिक सुविधाजनक रहेगा। प्रशासन ने कालाबाजारी, अधिक कीमत वसूली या अन्य अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। इसके लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है, जहां नागरिक वीडियो के साथ शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के साथ सूचना देने वाले को प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी।

जबलपुर. थाना प्रभारी माढ़ोताल श्री वीरेन्द्र सिंह पवार ने बताया कि दिनांक 24-3-26 को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि पाटन वायपास एवं ग्राम सूखा के बीच नहर के किनारे एक लड़का लाल रंग की टीशर्ट एवं जींस पहने संदिग्ध हालत में खडा हैं

**जुआ के फड़ पर छापा, 5 जुआड़ी गिरफ्तार, नगद 6 हजार 300 रूपये जप्त**

जबलपुर.- थाना प्रभारी लार्डगंज श्री नवल सिंह आर्य ने बताया कि रात मुखबिर से सूचना मिली कि शताब्दीपुरम डीपी के पास कुछ जुआड़ी ताश पत्तों पर रूपयों की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे हैं, सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जहां जुआडी ताश पत्तों पर रूपयों की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेलते दिखे जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किये

# गौरी घाट में बच्चा चोरी की सनसनीखेज कोशिश, मासूम को मुंह दबाकर उठा ले जा रहे थे आरोपी

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** प्रसिद्ध और आस्था के केंद्र गौरीघाट क्षेत्र से कल शाम एक रोंगटे खड़े कर देने वाला मामला सामने आया है जिसने पूरे शहर के अभिभावकों को चिंता में डाल दिया है. मंगलवार शाम लगभग 5 बजे सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ जिसमें एक छोटा बच्चा बदहवास हालत में रोता-बिलखता हुआ दिखाई दे रहा है और वहां मौजूद स्थानीय लोग उससे पूछताछ कर रहे हैं. वीडियो में मासूम बालक ने जो आपबीती सुनाई है वह बेहद डरावनी है क्योंकि उसके अनुसार कुछ अज्ञात बदमाशों ने उसे सरेराह अगवा करने का प्रयास किया था. बच्चे ने बताया कि वह गौरी घाट इलाके का ही रहने वाला है और जब वह बाहर था तभी कुछ अनजान लोगों ने उसे दबोच लिया और उसका मुंह जबरन बंद कर दिया ताकि वह शोर न मचा सके. अपहरणकर्ताओं ने उसे उठाकर कुछ दूरी तक ले जाने की कोशिश की जिससे बालक पूरी तरह सहम गया था और अपनी जान बचाने के लिए छटपटा रहा था. जैसे ही अपहरणकर्ता उसे लेकर कुछ दूर आगे बढ़े बालक ने पूरी हिम्मत जुटाकर चिल्लाना शुरू कर दिया जिसके बाद आसपास के लोग सतर्क हो गए और स्थिति को बिगड़ता देख आरोपी मौके से फरार होने में कामयाब रहे. वीडियो में साफ सुना जा सकता है कि मासूम बच्चा किस कदर डरा हुआ है और वह बार-बार अनजान लोगों द्वारा जबरदस्ती ले जाए जाने की बात दोहरा रहा है. इस वीडियो के वायरल होते ही जबलपुर पुलिस महकमे में भी हड़कंप मच गया है और गौरी घाट जैसे भीड़भाड़ वाले इलाके में इस तरह की वारदात की कोशिश ने सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि शाम के वक्त जब घाटों और आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की भारी आवाजाही रहती है तब ऐसी घटना होना पुलिस की गश्त और मुस्तैदी पर सवालिया निशान लगाती है.

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 194
2025-2026 दिनांक 18/03/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्रीमती रीता गुप्ता, पति श्री दीपक कुमार गुप्ता** खसरा नं. 292/2 का भाग संपत्ति कर/ पिन नं. 1004529284 जलकर पिन नं.......... **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्रीमती बिन्नू बाई यादव, पति- रामनाथ यादव **वार्ड निर्मल चंद जैन वार्ड ,** निर्मित क्षेत्रफल 2200 व.फु., विक्रय प्लाट रकवा 820 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक** 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 191
2025-2026 दिनांक 12/03/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्रीमती एफवा कैथवास, पति श्री विनय कैथवास** खसरा नं. 82 से 91 का भाग, पी. नं. 283 संपत्ति कर/ पिन नं. 1000430648 जलकर पिन नं.......... **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्रीमती प्रीति पाठक/ स्व. श्री सुनील पाठक **वार्ड निर्मल चंद जैन वार्ड ,** विक्रय प्लाट रकवा 981 व.फु., **विक्रयपत्र, हकत्याग पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक** 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 190
2025-2026 दिनांक 12/03/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्री लखन पाण्डेय, पिता श्री हरीहर पाण्डेय** खसरा नं. 259/2, 261/3 का भाग पी.नं. 152 संपत्ति कर/ पिन नं. 1002228053 जलकर पिन नं.......... **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - पेराडाईस गृह निर्माण समिति द्वारा अध्यक्ष श्री इन्द्रनील सिंह गुजराल, 2. उपा. श्री सर्वेश मिश्रा, **वार्ड निर्मल चंद जैन वार्ड ,** विक्रय प्लाट रकवा 900 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक** 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 192
2025-2026 दिनांक 12/03/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्रीमती अंजना अग्रहरि, पति श्री मनीष अग्रहरि** , भवन क्रं. 1109 संपत्ति कर/ पिन नं. 1000360961 जलकर पिन नं.......... **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्री राम नागराजन, पिता स्व. श्री के.व्ही. नागराजन, **वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड ,** विक्रय प्लाट रकवा 2720 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक** 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 189
2025-2026 दिनांक 12/03/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्रीमती वंदना पाण्डेय, पति श्री लखन पाण्डेय** खसरा नं. 259/2, 261/3 का भाग पी.नं. 151 संपत्ति कर/ पिन नं. 1002228053 जलकर पिन नं.......... **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - पेराडाईस गृह निर्माण समिति द्वारा अध्यक्ष श्री इन्द्रनील सिंह गुजराल, 2. उपा. श्री सर्वेश मिश्रा, **वार्ड निर्मल चंद जैन वार्ड ,** विक्रय प्लाट रकवा 900 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक** 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 193
2025-2026 दिनांक 18/03/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्रीमती फिरदौस अख्तार राईन, पति श्री अब्दुल रब,** भवन क्रं./ खसरा नं. 2676/4-आर, खसरा नं. 129/1/2 का भाग संपत्ति कर/ पिन नं. 1000365153 जलकर पिन नं.......... **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्री शाह खावर खान, 2. शाह फैजन खान, दोनों के पिता श्री छोटे खान **वार्ड शहीद अब्दुल हमीद वार्ड ,** निर्मित क्षेत्रफल 8289 व.फु., विक्रय प्लाट रकवा 2035 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक** 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

## सूने मकान का ताला तोडकर चोरी

जबलपुर। थाना भेड़ाघाट में विनय तिवारी उम्र 42 वर्ष निवासी प्रज्ञा कालोनी सहजपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि खेती किसानी करता है दिनांक 16-3-26 को माॅ श्रीमति निर्मला बाई को छोड़ने अपने पेतृक गांव कैंथरा शहपुरा गया था, दिनांक 17-3-26 को सुबह आकर देखा उसके मकान की बाउण्ड्री के गेट एवं बेडरूम के गेट एवं बेडरूम के गेट का ताला टूटा हुआ था कमरे में सामान अस्त व्यस्त था आलमारी खुली थी आलमारी में रखे बच्चे के पर्स में रखे नगदी 2500 रूपये तथा प्लास्टिक के डिब्बे में रखे बेनटेक्स के 6 कड़े, बेनटेक्स की चैन नहीं थे कोई अज्ञात चोर ताला तोड़कर घर में घुसकर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**
पत्रांक-स.अधि/09/2025-26/ एम/862/ दिनांक 26.03.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. श्रीमती पुष्पा सोंधिया, पति स्व. श्री ऋषि कुमार सोंधिया, 2. पलक नंदा, 3. आंचल, 4. साक्षी सोंधिया, पिता- स्व. श्री ऋषि कुमार सोंधिया** ने मकान नं. 2465/1 पिन नं.1002858235 **वार्ड पं. द्वारका प्रसाद मिश्र वार्ड ,** भूतल कच्चा 750 व.फु., **शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 2465/1 कछियाना मोहल्ला पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**
पत्रांक-स.अधि/09/2025-26/ एम/861/ दिनांक 26.03.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री अजय विश्वकर्मा, पिता - जवाहर लाल विश्वकर्मा** ने मकान नं. 1193 पिन नं.1000469029 **वार्ड आचार्य विनोवा भावे वार्ड ,** भूतल कच्चा 750 व.फु., **शपथ पत्र, नोटरी विक्रय अनुबंध पत्र ,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 1193 बेगम चौक के पास पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**
पत्रांक-स.अधि/04/एम/279
2025-26 दिनांक 26/03/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1000622474, में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री अवतार सिंह** के स्थान पर आवेदक- **श्रीमती भागवती साहू, पति स्व. श्री रामकुमार साहू** ने **मकान नं. 874/41 का भाग, वार्ड क्र. 10 ......... वार्ड,** प्लाट क्षेत्रफल 1096 व.फु., भूतल 900 व.फु., **दस्तावेज- पंजीकृत विक्रय पत्र, लिंक रजिस्ट्री** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**
पत्रांक-स.अधि/04/एम/278
2025-26 दिनांक 26/03/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1004340867, में पंजीकृत भवन स्वामी **काव्या दुबे, पिता - देवी प्रसाद दुबे** के स्थान पर आवेदक- **श्रीमती करूणा आहूजा, पति श्री अनिल आहूजा ,** ने **मकान नं. 17 का भाग, वार्ड क्र. 10 ......... वार्ड,** प्लाट क्षेत्रफल 700 व.फु., **दस्तावेज- पंजीकृत विक्रय पत्र, शपथ पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**
पत्रांक-स.अधि/04/एम/277
2025-26 दिनांक 26/03/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1004423983, में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री कार्तिक दुबे, पिता - देवी प्रसाद दुबे** के स्थान पर आवेदक- **श्रीमती करूणा आहूजा, पति श्री अनिल आहूजा ,** ने **मकान नं. 17 का भाग, वार्ड क्र. 10 ......... वार्ड,** प्लाट क्षेत्रफल 400 व.फु., **दस्तावेज- पंजीकृत विक्रय पत्र, शपथ पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**
पत्रांक-स.अधि/04/एम/276
2025-26 दिनांक 26/03/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1000618470, में पंजीकृत भवन स्वामी **श्रीमती रणजीत कौर पति - रविन्दर सिंह** के स्थान पर आवेदक- **श्री हरजीत विरदी, पिता स्व. श्री हरजस सिंह विरदी ,** ने **मकान नं. 692 का भाग, वार्ड क्र. 10 ......... वार्ड,** प्लाट क्षेत्रफल 900 व.फु., **दस्तावेज- पंजीकृत विक्रय पत्र, लिंक रजिस्ट्री,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**
पत्रांक-स.अधि/04/एम/275
2025-26 दिनांक 26/03/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1000618470, में पंजीकृत भवन स्वामी **श्रीमती रणजीत कौर पति - रविन्दर सिंह** के स्थान पर आवेदक- **श्रीमती रविंदर कौर पति स्व. श्री हरजसपाल सिंह विरदी,** ने **मकान नं. 692, वार्ड क्र. 10 ......... वार्ड,** प्लाट क्षेत्रफल 900 व.फु., **दस्तावेज- पंजीकृत विक्रय पत्र, लिंक रजिस्ट्री,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णाकांत सक्सेना की ओर से माँ रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिन्टर्स, तथा 68/1, लक्ष्मीपुर विवेकानन्द वार्ड, मुश्कान प्लाजा के पीछे, एम.आर.-4 रोड, उखरी जबलपुर म.प्र. से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 सांठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। भोपाल मो.नं. 7879652007, जबलपुर मो.नं.9300696096